चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 94, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 03 मई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**अतीक हत्याकांड के बाद पहली बार प्रयागराज पहुंचे योगी: युवाओं के हाथों में तमंचा थमाने वालों की दुर्गति दुनिया देख रही :इस धरती पर कुछ लोगों ने पापाचार किया, प्रकृति सबका हिसाब बराबर करती है**

## यूपी राष्ट्रवाद की सोच के साथ बढ़ रहा: योगी





**प्रयागराजः सीएम योगी आदित्यनाथ चुनाव प्रचार के लिए मंगलवार** को प्रयागराज पहुंचे। अतीक-अशरफ हत्याकांड के बाद यह योगी का पहला प्रयागराज दौरा है। इस दौरान उन्होंने कहा, "प्रयागराज की धरती को कुछ लोगों ने अन्याय और अत्याचार का शिकार बना दिया। पापाचार का शिकार बना दिया था। लेकिन, ये प्रकृति न किसी पर अत्याचार करती है। न सहती है। सबका हिसाब बराबर करके रख देती है।": योगी ने कहा, "हमने कभी जाति-धर्म के आधार पर पक्षपात नहीं किया। जो तुष्टिकरण करते थे, वही बंटवारा करते थे। हमने सशक्तिकरण पर जोर दिया। सबका साथ, सबका विकास को आगे बढ़ाया। आज परिवारवाद नहीं, यूपी राष्ट्रवाद की सोच के साथ बढ़ रहा है।"

**रामचरितमानस की पंक्तियों की जरिए दिया संदेशः** योगी आदित्यनाथ ने अपनी बात की शुरूआत रामचरितमानस की कुछ पंक्तियों से शुरू की। उन्होंने कहा, रामचरित मानस में संत तुलसीदास जी ने एक बात कही थी 'करम-प्रधान बिस्व करि राखा, जो जस करई सो तस फल चाखाह्। मुझे लगता है कि यह पंक्तियां आज भी उसी तरह प्रासंगिक हैं जैसे, मध्यकाल में थी। जीवन के सास्वत का संदेश देने वाले ये पंक्तियां हमारे कर्म प्रधान व्यवस्था को मार्गदर्शन करती हुई दिखाई देती है।

**पर्व और त्योहार आता था, तब लोग कांपते थे...:** अतीक के घर चकिया से 3 किमी. दूर लुकरगंज में आयोजित रैली में उट ने कहा, "आपने 2017 के पहले भी उत्तर प्रदेश को देखा है। पर्व और त्योहार आता था, तब लोग कांपते थे। सोचते थे कि अब क्या होगा? लेकिन अब ऐसा नहीं होता, अब लोग खुश होते हैं। अब वढ में सब तरफ चंगा ही चंगा है।" सीएम ने कहा, "जो लोग आतंक के दम पर गरीबों की जमीन कब्जा करते थे, अब वो तख्ती लटकाकर थाने पहुंचते हैं। आज व्यापारी रंगदारी नहीं देता है। आज लड़कों के हाथ में तमंचे नहीं हैं। उन्हें तमंचे की कीमत पता चल चुकी है। हमने 2 करोड़ मेधावियों के हाथ में टैबलेट दिए।


### 13 मई के बाद पूरी पिक्चर देखना बाकी है...: डिप्टी सीएम

**डिप्टी** सीएम केशव मौर्य ने चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, "सपा, बसपा और कांग्रेस सरकार में अपराधियों को संरक्षण दिया जाता था। आज अपराधियों को भागने का जगह नहीं है। 2014 के बाद प्रयागराज बदला है। केशव ने कहा, "अभी तो आपने झांकी देखी है अब 13 मई के बाद पूरी पिक्चर देखना बाकी है।"

मंच पर मंत्री नंदी भी, पत्नी अभिलाषा का भाजपा ने काट दिया था टिकटः सीएम योगी के साथ मंच पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी रहे। भाजपा ने इस बार प्रयागराज से दो बार मेयर रहीं नंदी की पत्नी अभिलाषा गुप्ता का टिकट काट दिया। भाजपा ने प्रयागराज से मेयर पद के लिए गणेश केसरवानी को टिकट दिया है।

सीएम ने अपने भाषण के दौरान अभिलाषा गुप्ता के कामकाज की तारीफ की। सीएम ने कहा-2019 में कुंभ को बीजेपी की डबल इंजन सरकार ने भव्य और दिव्य रूप में अयोजित किया। उस वक्त, अभिलाषा गुप्ता के नेतृत्व में नगर निगम ने अच्छा काम किया। अब 2025 में फिर कुंभ आएगा। प्रयागराज के महापौर के नेतृत्व में फिर भव्य कुंभ का साक्षी बन सके, इसलिए मैं यहां आया हूं।"

## शरद पवार ने एनसीपी अध्यक्ष पद छोड़ा



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि वे अब राकांपा अध्यक्ष पद छोड़ रहे हैं और इसके आगे कोई भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। शरद पवार ने कहा कि वे राकांपा की बैठकों में शामिल होकर पार्टी को उचित मार्गदर्शन करते रहेंगे। वाईबी चव्हाण सभागृह में मंगलवार को शरद पवार की लिखी पुस्तक का विमोचन हो रहा था। इसी अवसर पर शरद पवार की घोषणा के बाद पूरा सभागृह स्तब्ध रह गया। शरद पवार ने अपनी किताब के विमोचन कार्यक्रम के अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सार्वजनिक जीवन में कहीं रुकने पर विचार करना आवश्यक है। इसलिए मैंने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्त होने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि 1999 में एनसीपी के गठन के बाद से पिछले 24 वर्षों से एनसीपी के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हूं। यह पूरा सफर 1 मई 1960 से सार्वजनिक जीवन में शुरू हुआ और पिछले 63 सालों से लगातार चल रहा है। उन्होंने कहा कि इन 56 वर्षों में मैं किसी न किसी सदन के सदस्य या मंत्री के रूप में लगातार काम करता रहा हूं।

### विकास के लिए बसपा को करें मतदान : मायावती

**लखनऊः बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती** ने ट्वीट कर जनता से अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदाता किसी के बहकावे में न आएं। प्रदेश में विकास के लिए सभी लोग बसपा के पक्ष में मतदान करें। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि उप्र. निकाय चुनावों के तहत चार मई को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए विरोधी पार्टियों ने साम, दाम, दंड, भेद आदि ।

## नीतीश मंत्रिमंडल ने 18 एजेंडों पर लगाई मुहर



**पटनाः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार दोपहर संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 1.78 लाख से ऊपर शिक्षक बहाली समेत कुल 18 एजेंडों पर मुहर लगी। कैबिनेट ने शिक्षक नियमावली 2023 पर अपनी मुहर लगाई। इसके बाद बीपीएससी के माध्यम से बिहार में शिक्षकों की बहाली का रास्ता साफ हो गया है। इसके अलावा बिहार कैबिनेट ने गया और मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्र में 15 साल पुरानी कॉमर्शियल गाड़ियों के परिचालन पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया। बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया।एक अक्टूबर से इन दोनों नगर निगम क्षेत्र में पंद्रह साल पुरानी व्यवसायिक गाड़ियां भी नहीं चलेंगी। साथ ही गया और मुजफ्फरपुर नगर निगम क्षेत्र में सभी प्रकार के डीजल चालित तिपहिया वाहनों के परिचालन पर 30 सितम्बर से प्रतिबंध लगा दिया गया है। बिहार सरकार ने स्वच्छ ईंधन योजना 2019 का 31 मार्च, 2024 तक अवधि विस्तार कर दिया है। इसका क्षेत्र अब पटना के साथ गया और मुजफ्फरपुर भी होगा। तिपहिया मालवाहक वाहनों के लिए अनुदान का प्रावधान किया गया है।

सरकार ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए एक साथ दो हजार पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बनाने की प्रशासनिक स्वीकृति दी है। दो हजार पंचायत सरकार भवनों के लिए सरकार ने 41 अरब 71 करोड़ 16 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति कैबिनेट ने दी। बिहार सरकार की नई शिक्षक बहाली नियमावली के तहत पंचायत प्रारंभिक शिक्षक/नगर प्रारंभिक शिक्षक के मूल कोटि के 39,758 पद, जिला संवर्ग के मूल कोटि के 40,185 पद, विशेष शिक्षक के लिए पंचायत प्रारंभिक शिक्षक/नगर प्रारंभिक शिक्षक के मूल कोटि और स्नातक कोटि के 5,534 एवं 1,745 सृजित पद को प्रत्यर्पित करते हुए कक्षा 1 से 5 वीं तक के लिए शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन विद्यालय अध्यापक के मूल कोटि।

## शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद पर युवक ने किया हमला



**ऋषिकेशः** प्रदेश के शहरी विकास मंत्री और स्थानीय विधायक प्रेमचंद अग्रवाल पर मंगलवार को एक युवक ने गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। यह नहीं हमलावर युवक ने मंत्री और उनके सुरक्षाकर्मी के कपड़े भी फाड़ दिए। पुलिस ने हमलावर को अपनी हिरासत में ले लिया है। आज दोपहर शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल अपने घर से परमार्थ निकेतन में एक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने जा रहे थे कि इसी दौरान हरिद्वार रोड पर जाम लगने के कारण उनके काफिले के वाहन रुके हुए थे। इसी दौरान एक युवक उनकी गाड़ी के पास आया और उनसे गाली-गलौज करने लगा। जैसे ही मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल नीचे उतरे तो युवक ने उन पर हमला कर दिया और उनके कपड़े फाड़ दिए। इस पर उनका सुरक्षाकर्मी जब बीच-बचाव करने के लिए आया तो युवक ने उस पर भी हमला कर उसकी वर्दी फाड़ दी। इसके बाद घटनास्थल पर काफी लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। इसके बाद हमलावर युवक को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया। हमले के बाद शहरी विकास मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उनके ऊपर हमला करने वाला युवक स्थानीय है ,जो समय-समय पर उनका विरोध करते हुए उनके विरुद्ध माहौल बनाता रहता है। उन्होंने बताया कि शहर के मामलों को लेकर आरोपित युवक ने कई बार उन्हें फोन भी किया था, जिसकी शिकायत पर उन्होंने उसकी समस्याओं का समाधान भी किया था, लेकिन आज उसका अचानक इस प्रकार हमला किया जाना, उनकी समझ से बाहर है।

**लाड़ली लक्ष्मी योजना ने किया लाखों बेटियों की जिंदगी बदलने का काम: शिवराज**

## लाड़ली लक्ष्मी उत्सव: मुख्यमंत्री शिवराज ने पुष्पवर्षा कर बेटियों का किया स्वागत



**भोपालः मध्य** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मेरी लाड़ली बेटियों, मैं बहुत खुश हूं। आज लाड़ली लक्ष्मी योजना को सोलह साल पूरे हो गए हैं। इस योजना ने लाखों बेटियों की जिंदगी बदलने का काम किया है। हमारे प्रदेश में बेटियां लाड़ली हैं, लक्ष्मी हैं, इनके जीवन का हर दिन उत्सव हो, खुशियों से भरा हो, सफलता के पथ पर आगे बढ़ती रहें, यही शुभेच्छा है। मुख्यमंत्री चौहान मंगलवार को अपने आवास पर आयोजित लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौक उन्होंने बेटियों से संवाद भी किया। दरअसल, मध्य प्रदेश में मंगलवार को लाड़ली लक्ष्मी धूमधाम से मनाया गया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम भोपाल में मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित किया गया, जिसमें भोपाल, सीहोर, विदिशा, राजगढ़ और रायसेन जिले की लाड़ली लक्ष्मी बेटियां शामिल हुई। प्रदेशभर में ग्राम पंचायत से लेकर राज्यस्तर तक यह उत्सव मनाया जा रहा है।

## आधार से जुड़े ई-मेल और मोबाइल नम्बर को करें वेरीफाई

**नई दिल्लीः** आधार धारक अब अपने आधार से जुड़े मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को वेरीफाई कर सकते हैं। यह सुविधा आधिकारिक वेबसाइट और एमआधार एप के माध्यम से उपलब्ध है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय की ओर से जारी वक्तव्य के अनुसार अक्सर लोगों को यह ध्यान नहीं रहता कि उनका कौन सा मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी आधार से जुड़ा है। इसके कारण उन्हें लगता है कि कहीं उनका ओटीपी दूसरे के नंबर पर ना चला जाए। इसी चिंता को दूर करने के लिए यह सुविधा प्रदान की गई है। इसके माध्यम से यह जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी कि अगर मोबाइल नंबर आधार से नहीं जुड़ा है तो उसे कैसे चरणबद्ध तरीके से जोड़ा जा सकता है। वक्तव्य के अनुसार आधार से जुड़े ईमेल और मोबाइल नंबर को अपडेट करने के लिए निकटतम आधार केंद्र जाया जा सकता है।

## उत्तराखंडः चारधाम समेत पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी का अलर्ट

**मौसम विभाग ने पांच दिन का जारी किया अलर्ट, पर्यटकों से यात्रा न करने का आग्रह**



**देहरादूनः उत्तराखंड** का मौसम लगातार बिगड़ रहा है। मौसम विभाग के मंगलवार को जारी किए गए पूवार्नुमान से तो यही बात साबित हो रही है। विभाग ने दो से छह मई तक के पूवार्नुमान में राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने और 32 सौ मीटर की ऊंचाई से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जतायी है। मौसम विभाग ने आज भी पर्यटकों से यात्रा न करने का आग्रह किया है। मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने दो से छह मई तक के मौसम की पूवार्नुमान में कहा है कि जहां मंगलवार को राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो रही है वहीं 32 सौ मीटर की ऊंचाई से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग ने तीन मई को राज्य के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की चेतावनी दी है। चार मई को भी यही स्थिति रहेगी। प्रदेश में कहीं कहीं हल्की से बहुत हल्की बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की बात कही है। पांच और छह को कमोवेश यही स्थिति रहेगी। पांच मई को पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं कहीं हल्की बारिश या बर्फबारी और 35 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होगी जबकि छह मई को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़ जनपदों में कहीं कहीं बारिश या बर्फबारी होगी। इस पांच दिन की मौसम की चेतावनी में दो और तीन मई के लिए मौसम विभाग ने बड़ी और कड़ी चेतावनी दी है और आग्रह किया है कि यात्री पर्वतीय क्षेत्रों की यात्रा से परहेज करें।

आपातकालीन परिचालन केन्द्र ने इसी संदर्भ में बताया कि उत्तराखंड में बारिश के बाद भी यात्रियों का आना लगातार जारी है। पर्यटकों की संख्या का आंकलन देते हुए विभाग ने कहा है कि मंगलवार को यात्रियों की संख्या 34 हजार 979 थी, जिसमें बद्रीनाथ में 10588, केदारनाथ में 12045।

## बिलकिस बानो गैंगरेप केस के दोषियों की रिहाई मामले में अब 9 मई को होगी सुनवाई



**नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट** ने बिलकिस बानो गैंगरेप केस के दोषियों की रिहाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई टाल दी है। मामले की अगली सुनवाई 9 मई को होगी। उस दिन कोर्ट आगे की सुनवाई पर निर्देश जारी करेगा। इस मामले में रिहा हुए कुछ लोगों ने सुनवाई के दौरान आरोप लगाया कि बिना उन्हें नोटिस तामील किए याचिकाकर्ता बिलकिस की तरफ से सुप्रीम कोर्ट को झूठी जानकारी दी गई है कि प्रक्रिया पूरी कर दी गई है।18 अप्रैल को गुजरात सरकार ने रिहाई से जुड़ी फाइल दिखाने के आदेश का विरोध किया था। राज्य सरकार की दलील थी कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आधार पर ही गैंगरेप के दोषियों की रिहाई हुई है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि आज बिलकिस का तो कल किसी और का रेप हो सकता है। इसलिए आप दोषियों की रिहाई की वजह बताएं। कोर्ट ने कहा था कि ऐसे जघन्य मामलों में दोषियों की रिहाई समाज को प्रभावित करता है। इसलिए शक्तियों का इस्तेमाल जनहित में होना चाहिए। कोर्ट ने कहा था कि चूंकि केंद्र सरकार का फैसला राज्य सरकार को मानना है, इसका मतलब ये नहीं कि राज्य सरकार अपना दिमाग नहीं लगाएगी। सुनवाई के दौरान 27 मार्च को कोर्ट ने कहा था कि बिलकिस के साथ जो हुआ वह भयावह था। सुनवाई के दौरान दोषियों के वकील ने सुभाषिनी अली और महुआ मोइत्रा की याचिका का विरोध किया था।

## दुनियाभर में योग बना ऐतिहासिक इवेंट : सोनोवाल

**जयपुरः केंद्रीय** आयुष मंत्री सर्वानन्द सोनोवाल ने कहा कि योग को विज्ञान की पद्धति मानकर आज दुनियाभर में अपनाया जा रहा है। देश के गांव-गांव तक योग की संस्कृति का प्रसार करने के लिए संकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है। देश एवं दुनिया में प्रति वर्ष मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए इस बार काउंट डाउन की श्रृंखला में जयपुर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। केंद्रीय मंत्री सोनोवाल मंगलवार को सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन शिक्षा समिति में केंद्रीय आयुष मंत्रालय द्वारा आयोजित 'योग महोत्सव- 2023' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अब 50 दिन बाकी हैं। जयपुर में विशाल योग महोत्सव से काउंटडाउन शुरू हो गया है। सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन की वजह से आज योग को दुनियाभर में लोग अपना रहे हैं। 21 जून को दुनियाभर में योग दिवस मनाया जाएगा। इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने को लेकर उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। इस वर्ष के आईडीवाई-2023 पर आर्कटिक और अंटार्कटिक क्षेत्र में कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन अपने आप में एक नायाब उपलब्धि होगी। सोनोवाल ने कहा कि योग महोत्सव से प्रत्येक राज्य में आयुष ग्राम के माध्यम से ग्रामीण आबादी को जोड़ने का प्रयास होगा। एक आयुष ग्राम दो-तीन गांवों का एक समूह होगा और इसमें औसतन 3 हजार से अधिक आबादी शामिल होगी। चिह्नित गांवों में योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति कर विशेष प्रशिक्षण के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा, ताकि प्रत्येक आयुष ग्राम 21 जून को कॉमन योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन करने के।

## खबर संक्षेप

### दलित को घर में घुस कर मारपीट किया लहुलुहान, बेटी के साथ अभद्रता सोशल मीडिया पर वायरल

**मऊआइमा।** मऊआइमा में एक दलित परिवार दबंगों से तंग आ गया है। इसकी लिखित शिकायत पुलिस आयुक्त से कर न्याय की गुहार लगाई गई। जिसका मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मादीपुर निवासी रमाशंकर पुत्र गोकुल प्रसाद का आरोप है कि गरीब असहाय एक दलित है।रमाशंकर का आरोप है कि गांव के कतिपय दबंग ट्रैक्टर से उसके सेहन दरवाजे पर मिटटियां डाल रहे थे। मना करने पर मारे पीटे जाति सूचक गालियां देते हुए उसकी बेटी के साथ अभद्रता किए। रमाशंकर ने इसकी शिकायत पुलिस आयुक्त सहित कई स्थानों पर की है। परन्तु न्याय नहीं मिल रहा है। चोटहिल रमाशंकर का मामला तहरीर सहित सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।


# विवाहिता ने फांसी लगाकर दे दी जान, मची रही खलबली

## झूंसी के बललभनगर इलाके में हुई घटना, पुलिस ने पीएम को भेजा शव

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के बंधवाताहिरपुर गांव स्थित प्राईवेट कालोनी में मंगलवार की सुबह विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना पड़ोसी महिला से मिलने पर पति भतीजे के साथ मौके पर पहुंचा और आनन-फानन में महिला को फांसी के फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल ले गया। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया। विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

मूलतः हंडिया के दुमदुमा-रसूलपुर गांव निवासी विमलेश तिवारी काफी दिनों से झूंसी के बंधवात?ाहिरपुर गांव की प्राईवेट कालोनी बल्लभ नगर में पत्नी गीता तिवारी और बेटी



वंशिका व पुत्र शौर्य के साथ रहते हैं। विमलेश ट्रैवल्स संचालक हैं। इन दिनों विमलेश की बेटी वंशिका और बेटा शौर्य अपने मौसी के घर गए हुए हैं। यहां पर विमलेश पत्नी गीता और भतीजे विवेक मिश्र के साथ मौजूद थे। रोज की तरह विमलेश और उनका भतीजा विवेक काम पर चले गए। पत्नी गीता घर पर अकेली मौजूद थी। इसी दौरान उसने मकान के पीछे वाले कमरे में पंखे के चूल्ले में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दोपहर तकरीबन बारह बजे पड़ोसी महिला ने कई दफे गीता को आवाज लगाई लेकिन भीतर से कोई जवाब नहीं आया। इस पर उसने घटना की जानकारी पति विमलेश को दी। आनन-फानन में विमलेश और उनका भतीजा घर पहुंचे। मकान का मुख दरवाजा खुला हुआ था। पति विमलेश मकान के भीतर वाले कमरे में गया तो सन्न रह गया। पत्नी गीता फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। बदहवासी हालत में पति विमलेश ने शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और पास के अस्पताल ले गया। वहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेज दिया। विवाहिता की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ था। लोग भी मौके पर जुट गए थे।

### महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास, पुश्तैनी मकान को किया ध्वस्त, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** निर्माणाधीन मकान को ध्वस्त कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए घर में सो रही महिला के साथ दुष्कर्म की कोशिश का मुकदमा एक दंपत्ति एंव एक अज्ञात बदनासुदा महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा वीरभानपुर निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि वह अपना पुश्तैनी भवन को गिरा कर दोबारा निर्माण कर रहा था। तभी गांव कतिपय लोग महिलाएं आयीं और मकान को ध्वस्त कर दिए। विरोध पर जान से मारने की धमकी भी दी। व्यक्ति का आरोप है कि मध्य रात्रि में उसकी माता सो रही थी तभी पडोसी आया और मां के उपर चढ कर आबरू लूटने की कोशिश की शोर मचाने पर भाग गया। व्यक्ति का आरोप है कि उक्त लोग दबंग प्रवृत्ति के हैं। जिनके साथ एक बदनाम सुदा महिला रहती है। वह कई लोगों को फर्जी छेडखानी में फंसा कर सुलह के नाम पर मोटी रकमें ऐंठती है। व्यक्ति ने सेमरावीरभानपुर गांव के पुष्पा देवी, कमलाकान्त, एक अज्ञात बदनासुदा महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# विद्यालय की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि

## डीएम एसडीएम व संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** कोरांव तहसील क्षेत्र के नेवढ़िया पाल गांव में विद्यालय के जमीन पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के द्वारा ही अवैध कब्जा किया जा है। आरोप है कि शिकायत के बाद भी दबंग ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अतिक्रमणकर्ता पर अधिकारी मेहरबान हैं। जिससे कोई कार्यवाही न होने से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। गांव के पूर्व प्रधान भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 1964 से 1990 तक परिषदीय विद्यालय के मान्यता के तहत कक्षा 1 से 5 तक उक्त भूखंड पर पठन-पाठन का कार्य चला। चकबंदी के दौरान विद्यालय खाते की की भूमि भूखंड संख्या 400 श्रेणी 6 (2) आबादी दर्ज कर दी गई और विद्यालय हेतु जमीन अन्यत्र आवंटित कर दी गई। विद्यालय अन्यत्र बन जाने से देखरेख व सुरक्षा के अभाव में पूर्व का यह विद्यालय भवन जीर्ण शीर्ण व जर्जर हो गया। जहां अब गांव के वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिव कुमार पुत्र गणेश प्रसाद विद्यालय के उक्त भूखंड एवं भवन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। गांव के ही शिकायतकर्ता जवाहर लाल पुत्र संगम लाल ने बताया कि विद्यालय अन्यत्र बन जाने के बाद विद्यालय का यह पुराना भवन गांव के सार्वजनिक उत्सव, शादी विवाह, रामलीला, दुर्गा पूजा इत्यादि के उपयोग में आता रहा है। जहां अब वर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिव कुमार पुत्र गणेश प्रसाद के द्वारा टीन शेड लगाकर मवेशी बांधे जा रहे हैं। और उक्त विद्यालय के पुराने भवन को तोड़कर उस पर नया निर्माण करने की कोशिश की जा रही है। शिकायतकर्ता जवाहरलाल ने बताया कि पुराने विद्यालय



परिसर में 50 वर्ष पुराना शीशम का पेड़ भी मौजूद था। जिसको बीते 25 अप्रैल की रात्रि में कटवा दिया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि मामले की शिकायत जिलाधिकारी, एसडीएम एवं संपूर्ण समाधान दिवस में भी की गई है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जिससे अतिक्रमणकर्ता के हौसले बुलंद हैं और गांव के सार्वजनिक संपत्ति पर खुलेआम अवैध कब्जा किया जा रहा है। इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी सुदामा वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि तहसीलदार को दरखास्त दे दीजिए मैं जिले पर मीटिंग में जा रहा हूं। वापस आकर मामले की जांच कराते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# थमा चुनाव प्रचार अंतिम समय तक प्रत्याशियों ने लगाया जोर

## शंकरगढ़ में सत्तादल भाजपा के साथ सपा, आप व निर्दलीय दावेदार भी मजबूती से डटे





अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में मंगलवार की शाम से चुनाव प्रचार का शोर थम गया। प्रथम चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम प्रत्याशियों ने पूरा जोर लगा दिया। नगर पंचायत शंकरगढ़ में अध्यक्ष पद के सभी प्रत्याशियों के साथ-साथ सभासद पद के प्रत्याशियों ने घर-घर जाकर संपर्क किया। अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के समर्थन में समर्थकों के द्वारा जुलूस की शक्ल में घूमकर अपने प्रत्याशी के लिए वोट मांगा गया। अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी, सपा प्रत्याशी कंचन चौधरी, आम आदमी पार्टी प्रत्याशी शिखा समद्दर, निर्दल प्रत्याशी पार्वती कोटार्य के समर्थकों ने प्रचार की समय सीमा खत्म होने तक जमकर पसीना बहाया।भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी के समर्थन में बारा विधायक डॉ वाचस्पति ने भी नगर के चतुर्दिक दिशा में भ्रमण कर वोट देने की अपील की।

अध्यक्ष पद के लिए निर्दल प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहीं पार्वती कोटार्य ने अपने समर्थकों के साथ अपना चुनाव निशान बताते हुए कस्बावासियों से वोट की अपील की।पार्वती कोटार्य का काफिला नगर के सदर बाजार, पुरानी बाजार, लाइनपार आदि मोहल्लों में घूमा। इसीतरह सपा प्रत्याशी कंचन ने भी नगर में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। बताते चलें कि नगर पंचायत शंकरगढ़ में अध्यक्ष पद के लिए कुल छह लोगों ने नामांकन किया था, जिसमें तीन निर्दल प्रत्याशी भी शामिल थे। बाद में एक निर्दल प्रत्याशी पूर्व चेयरमैन लीला कनौजिया ने भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी को अपना समर्थन दे दिया। इसके बाद से अब चुनाव मैदान में कुल पांच प्रत्याशी बचे हैं। निकाय चुनाव के प्रथम चरण का मतदान चार मई को होगा और मतों की गिनती 13 मई को पूरे प्रदेश में एक साथ की जाएगी। इसके लिए नगर पंचायत शंकरगढ़ के सभी दर्जनभर वार्डों के लिए चार मतदान केंद्र और 13 बूथ बनाए गए हैं। जिसमें अति संवेदनशील में राजा कमलाकर इंटर कालेज (तीन बूथ), संवेदनशील में राजकीय बालिका इंटर कालेज (पांच बूथ) और सामान्य में प्राइमरी स्कूल शंकरगढ़ (तीन बूथ) व पत्ती देवी इंटर कालेज (दो बूथ) है।

# सभी राजनीतिक दलों ने किया शक्ति प्रदर्शन अंतिम दिन थमा प्रचार

अखंड भारत संदेश

### 4 मई को होगा मतदान मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला



**कोरांव।** 4, मई को होने वाले निकाय चुनाव में नगर पंचायत कोरांव के सभी प्रत्याशियों ने रोड़ सो जुलूस के साथ अपने अपने शक्ति प्रदर्शन किए, जिसका परिणाम 13 , मई को निकलेगा। बता दें कि कोरांव में कुल 10 , प्रत्याशी चुनावी दंगल में कूद कर चेयरमैन की कुर्सी के लिए ताल ठोक रहे हैं। इसमें प्रमुख रूप से सत्ता के निवर्तमान चेयरमैन नरसिंह केसरी , निर्दल प्रत्याशी के रूप में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय सुषमा देवी केसरी के प्रतिनिधि ओमप्रकाश केसरी तथा समाजवादी पार्टी से कोरांव की बेटी पूजा चतुर्वेदी , निर्दल प्रत्याशी अवध नारायण तिवारी के बीच में प्रमुख रूप से चुनाव दिलचस्प मोड़ पर दिखाई देने लगा है। वैसे तो सभी प्रत्याशी अपनी जीत का दावा ठोक रहे हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि चारों इन्हीं प्रत्याशियों में जमकर चुनावी मुकाबला होता दिख रहा है। यह बात अलग है कि 13 तारीख को कौन चेयरमैन की कुर्सी पर बैठेगा यह भविष्य के गर्भ में है। लेकिन इस समय नरसिंह केसरी ,ओम केसरी, पूजा चतुर्वेदी, अवध नारायण तिवारी ने अपने जीत के लिए पूरे दमखम के साथ शक्ति का प्रदर्शन मंगलवार को किया। एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नरसिंह केसरी के पक्ष में भाजपा के क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल , ब्लाक प्रमुख कोरांव मुकेश कोल, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामअवध कुशवाहा सहित कई अन्य भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व नेता समर्थित पार्टी के उम्मीदवार को जिताने के लिए रात दिन जुटे हुए हैं। वहीं अन्य प्रत्याशियों के भी समर्थक और नेता जनसंपर्क करते हुए अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के कुल 10 प्रत्याशियों में किसका पलड़ा भारी होगा वह मतदान के दिन महसूस होने लगेगा। लेकिन जिस तरीके से निर्दल प्रत्याशी समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं इससे प्रत्याशियों में एक चिंता की लकीर जरूर देखने को मिल रही है क्योंकि मतदाताओं की नब्ज अभी तक प्रत्याशियों ने पकड़ नहीं पाया है, उनकी चुप्पी से स्थिति यह है कि सभी प्रबल उम्मीदवार अपने अपने जीत के लिए हर कोशिश करते देखे जा रहे हैं।

### थमा प्रचार का शोर, अब मतदाताओं के फैसले की बारी, कल होगा मतदान

**झूंसी।** नगर निगम के प्रथम चरण का कल मतदान होगा। मतदान से 48 घंटे पहले मंगलवार की शाम से चुनाव का शोर थम गया। प्रचार के आखिरी दिन सभी प्रत्याशियों ने वोटरों को रिझाने के लिए बाइक रैली, पैदल जुलुश निकाला। नगर निगम की सीमा में शामिल झूंसी में लोग गुरुवार को पहली बार महापौर व पार्षद के चुनाव में मतदान करेगे। जिसको लेकर वो काफी उत्साहित है। तो वही प्रत्याशियों की रातों की नींद उठी हुई है। मंगलवार की शाम प्रचार तो थम गया लेकिन प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थक मतदातों के बीच जा कर उनको साधने व रिझाने का अब अंतिम दांव आजमा रहे है। अब मतदातों के फैसले की बारी है। वही प्रशासन भी निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने की तैयारी पूरी कर ली है।

### मऊआइमा की जनता मेरे साथ है चाहे जो भी दल का हो : शोएब अंसारी



**मऊआइमा।** चाहे भी किसी दल जाति का कोई भी हो सब हमारे साथ हैं।हमें विकास के दम पर वोट मिल रहा है। उक्त बातें मऊआइमा नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन और सपा प्रत्याशी शोएब अंसारी ने कस्बा के नाटी इमली पर एकत्रित भीड से कही। चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन शोएब अंसारी ने अपनी पूरी ताकत झोकते हुए। कहे कि वह बुनकरों की लडाई हमेशा लडते रहे हैं। शोएब अंसारी एंव सपा प्रत्याशी ने कहा कि मऊआइमा रेलवे क्रासिंग पर रोजमर्रा लगने वाले जाम से निजात के लिए वह फ्लाई ओवर ब्रिज पास करा चुके हैं। तथा नगर पंचायत क्षेत्र की नई खतौनी बनाने के लिए वह हाईकोर्ट भी गए। हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद भी दो दो बार सर्वे टीम गठित हुई परन्तु सर्वे टीम चली गई। आज भी अभिलेखों का मामला अधर में पडा हुआ है। शोएब अंसारी ने कहा कि वह जल्द ही लॉ कॉलेज की स्थापना करने जा रहे हैं। इस अवसर पर मेराज आरिफ ,सुभाष यादव ,नूर उद्दीन सैफी ,समी इम्तियाज प्रमुख प्रतिनिधि ,अनस ,नदीम ,आसिफ अब्बसी आदि बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### चुनाव प्रचार के अन्तिम दिन लोगो से किया जनसम्पर्क

**मऊआइमा।** नगर पंचायत के सपा प्रत्याशी हाजी मो शोएब अंसारी ने प्रचार के अन्तिम दिन युद्व स्तर पर हर मोहल्लों में जन सम्पर्क किए। मऊआइमा नगर पंचायत चुनाव में तीन बार से लगातार जीत की हैट्रिक बना चुके इस बार फिर पूरी ताकत के साथ मंगलवार को जनसम्पर्क किए। वह मोहल्ला महतवाना ,कजियाना , पूरा काजी ,पूरा काजी पसियान ,शाहगंज आदि सघन जनसम्पर्क कर युवाओं, महिलाओं से भारी संख्या में मत देने की अपील किए। इस अवसर पर मुदित खत्री ,शौकत अली ,उबैदुलरहमान आदि कई लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### मंजिल पाने के लिए सच्ची लगन और कड़ी मेहनत जरूरी : मनीष

**प्रधानाचार्य और शिक्षकों नेअच्छेअंक पाने वाले बच्चों को किया सम्मानित**



**करछना।** हमें लक्ष्य तक पहुंच कर मंजिल प्राप्त करने के लिए मन में सच्ची लगन और कड़ी मेहनत जरूरी है। इसके लिए सभी बच्चों को अपने दैनिक जीवन में नियमित रुप से दिनचर्या और पठन-पाठन की रूपरेखा की निश्चित करनी चाहिए। जिन बच्चों ने इसके चलते अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है इसी प्रेरणा को लेकर अन्य बच्चों को भी आगे बढ़ने की जरूरत है। यह बातें मंगलवार को क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज के सांस्कृतिक कक्ष में बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक पाने वाले बच्चों को सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कही। उन्होंने इण्टर में प्रथम रही छात्रा रिया सिंह और हाई स्कूल में अव्वल रहे पवन जायसवाल को मोमेण्टो और मेडल देकर सम्मानित किया। इसके अलावा हर्ष प्रताप सिंह, विमलेश शर्मा,रविशंकर,अजीत यादव को भीअच्छे अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा विद्यालय की परीक्षा में अपनी कक्षा में प्रथम रहने पर आर्यन झा,शिवांगी चौरसिया, श्वेता सिंह,सुमोनी कनौजियाऔर वंदना यादव को भी शिक्षकों ने मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए एक साथ सभी बच्चों को बधाई दी। शिक्षकों ने भी अन्य बच्चों को इससे प्रेरणा लेते हुए नियमित रूप से पठन-पाठन और सच्ची लगन के साथ कोर्स की समय से तैयारी करने पर जोर दिया। इस मौके पर प्रदीप श्रीवास्तव,जीतेंद्र कुमार,मालती शर्मा,रमेश चंद्र तिवारी,मो.परवेज सिद्दीकी,सुरेश कुमार,जगतपाल,विजय सिंह,सुधा सिंह,विश्वेश ओझा,कमला शंकर त्रिपाठी,अशोक सिंह,सुनील प्रजापति, राजकुमार विश्वकर्मा समेत शिक्षक,कर्मचारी और बच्चे मौजूद रहे।

### मनाया गया मंदिर का वार्षिकोत्सव हुआ प्रसाद का वितरण



**सहसों।** श्रद्धालु भक्तों द्वारा सहसों बाजार स्थित राम जानकी मंदिर का मंगलवार को 31वां वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से पुजारी राजधर पाण्डे की व्यवस्था एवं देखरेख में मनाया गया। इस दौरान मंदिर को फूल मालाओं एवं विद्युत झालरों की सजावट से मंदिर प्रांगण को रोशनी से जगामग के साथ भगवान राम दरबार का भव्य श्रृंगार करके श्रीराम नाम संकीर्तन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात हवन यज्ञ एवं भगवान की भव्य आरती के साथ स्तुति, आराधना, प्रार्थना भक्तों द्वारा किया गया। इसके उपरांत भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर विष्णू नेपाली, छोटू पंडित, डॉ प्रमोद कुमार गुप्ता, दिलीप केसरवानी, सूर्यकांत त्रिपाठी, जगदीश केसरवानी, भोला नाथ मिश्रा, शिवम पटवा, रामबाबू पुष्कर, विकास पुष्कर, केशरी मिश्रा, राजेन्द्र कुमार यादव पप्पू सहित आदि श्रद्धालु भक्तों ने सहयोग करते हुए उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी को मिला राजा महेंद्र प्रताप सिंह का आशीर्वाद, पूर्व चेयरमैन ने भी दिया समर्थन

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ से भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी को चुनाव प्रचार खत्म होने से एक दिन पहले ही शंकरगढ़ रियासत से भी आशीष मिल गया। इसके अलावा नगर पंचायत शंकरगढ़ की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लीला देवी कनौजिया ने भी अपना पूरा सहयोग देने की घोषणा की। महाराव राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। पूरे प्रदेश में सुशासन का राज है। विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के जरिए समाज के सबसे पिछड़ी पंक्ति में खड़े परिवार को भी मदद मिल रही है। एक समाज को और क्या चाहिए। मोदी और योगी के कार्यों की तारीफ करते हुए महाराव राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने शंकरगढ़ से भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी को अपना आशीर्वाद दिया। दूसरी तरफ नगर पंचायत शंकरगढ़ की पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष



लीला देवी कनौजिया पत्नी लल्लू कनौजिया ने भी भाजपा प्रत्याशी को समर्थन का ऐलान किया है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लीला देवी ने कहा, नगर पंचायत शंकरगढ़ के विकास के लिए योगी और मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए मैं भाजपा प्रत्याशी का समर्थन कर रही हूं। उन्होंने समस्त कस्बावासियों से भी अंजू देवी के समर्थन की अपील की। नगर पंचायत में भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी को मिल रहे समर्थन से विपक्षी प्रत्याशियों में बेचैनी बढ़ गई है। यहां पर समाजवादी पार्टी की तरफ से तरफ कंचन चौधरी, आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी शिखा समद्दर के साथ और निर्दल प्रत्याशी पार्वती कोटार्य भी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मैदान में हैं।

# ग्राम पंचायत अल्हवा में जल शक्ति मिशन के तहत बैठक

## हर घर जल योजना से स्वक्छ पेयजल का मिलेगा लाभ : शहजादे ग्राम प्रधान

**कोरांव।** ब्लॉक कोरांव के ग्राम पंचायत अल्हवा में ग्राम प्रधान के प्रयास से शुद्ध पेयजल प्राप्ति के लिए जल कल विभाग लखनऊ से पेयजल की टंकी निर्माण हेतु भेजे गए प्रस्ताव की मंजूरी मिल जाने से ग्राम सभा में हर घर जल शक्ति योजना का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया जिससे ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। बता दें कि जल शक्ति अभियान के तहत हर घर जल योजना के तहत ग्राम पंचायत अल्हवा में पानी की टंकी निर्माण की मंजूरी मिलने के बाद प्राक्कलन फाइनल होने के बाद मंगलवार को सचिवालय भवन अलहवा में ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे की अध्यक्षता में लखनऊ से आए उक्त विभाग के प्रतिनिधि अनुराग जी ने एक जल शक्ति समिति की एक अति आवश्यक बैठक आहुत की,जिसमे समिति के पदाधिकारियों का गठन किया गया। साथ ही अनुराग जी ने महिला पुरषों आदि ग्राम वासियों की उपस्थिति में स्वकछ पेयजल तथा उसके समुचित प्रयोग,निर्माण कार्य की गुणवत्ता, जन सहयोग,और जल कनेक्शन लिए जाने आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी




दी। उन्होंने बताया कि एक पंप आपरेटर की भर्ती होगी जिनका मानदेय करीब बारह हजार रूपए मिलेगा। शेष कर्मी आवश्यकता पड़ने पर जो कार्य करेंगें उन्हे समिति भुगतान करेगी। ग्राम प्रधान शहजादे ने बताया कि अल्हवा में विकास बहुत होगा इसके लिए सरकार और जन प्रतिनिधियों से विधिवत प्रयास रत हूं। उन्होंने कहा कि ग्राम समाज की जमीन पर जल कल विभाग की टंकी बनेगी,जिससे पूरे ग्राम वासियों को शुद्ध पेयजल की सप्लाई होगी। हर घर के मुखिया के नाम कनेक्शन दिया जायेगा। जो प्रति माह तीस रुपए से ले कर पचास रूपए तक भुगतान करना होगा। समिति द्वारा पूरा देख भाल सुनिश्चित होगी। प्राप्त जानकारी अनुसार एक टीम अभी और बैठक लेगी और जुन माह तक निर्माण कार्य बोरिंग आदि की शुरूआत भी ही जायेगी। ग्राम प्रधान शहजादे ने सभी उपस्थित जल शक्ति समिति के नव गठित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# योगी आदित्यनाथ बोले- यह प्रयागराज की धरती है, यह अन्याय और अत्याचार बर्दाश्त नहीं करती

अखंड भारत संदेश






**प्रयागराज।** शहर में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह प्रयागराज की धरती है यह अत्याचार बर्दाश्त नहीं करती है। प्रकृति न्याय जरूर करती है। अतीक और अशरफ का नाम लिए बगैर कहा कि कहा कि जो जैसा करेगा उसको वैसा ही फल मिलता है। जिन लोगों ने अन्याय किया था प्रकृति ने न्याय कर दिया।योगी ने कहा कि कुछ लोगों ने प्रयागराज की धरती को अन्याय और अत्याचार का केंद्र बना दिया था, लेकिन यह धरती सबका हिसाब बराबर करके रख देती है। कहा कि प्रकृति न अन्याय करती है न ही अन्याय और अत्याचार बर्दाश्त करती है। तुलसीदास ने रामचरित मानस में लिखा है जो जैसा कर्म करता है उसको वैसा ही फल मिलता है।

उन्होंने कहा कि प्रयागराज में भाजपा ने सामान्य कार्यकर्ता को महापौर का प्रत्याशी बनाया है। भाजपा नए कार्यकताओं को जोड़ने की पार्टी है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विश्व में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है। कहा कि उत्तर प्रदेश कि पहचान कट्टे से नहीं आईटी स्किल के रूप में जानी जाएगी। 2025 का कुंभ ऐतिहासिक होगा। स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित होगा। इसके लिए अभी से लगना होगा।योगी ने कहा कि चार करोड़ लोगों को आवास, आठ करोड़ लोगों को उज्ज्वला योजना का लाभ मिला है। 220 करोड़ लोगों को कोरोना का टीका मुफ्त में लगाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है। भाजपा का मतलब सबका साथ और सबका विकास। भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के सबका विकास किया जा रहा है।

### योगी ने गिनाईं सरकार की कल्याणकारी योजनाएं

उन्होंने जनधन योजना, स्वरोजगार, कौशल विकास योजना, मुफ्त अनाज और किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं को गिनाया। साथ ही भाजपा के प्रत्याशी गणेश केसरवानी की मंच से तारफी की। कहा कि गणेश एक सामान्य कार्यकर्ता है। पार्टी ने जमीनी कार्यकर्ता को चुनाव में उम्मीदवार बनाया है। प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सांसद रीता बहुगुणा जोशी, सांसद केशरी देवी पटेल और सांसद विनोद सोनकर मंच पर पहुंच गए हैं। मंच पर पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह, पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी शहर उत्तरी विधायक हर्षवर्धन समेत प्रयागराज के सभी विधायक मौजूद हैं।

## 4 मई को बंद रहेंगे जनपद के स्कूल-कॉलेज

अखंड भारत संदेश

**इलाहाबाद विश्वविद्यालय और संघटक महाविद्यालयों में भी रहेगी छुट्टी, नगर निकाय चुनाव को देखते हुए लिया निर्णय**




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के लिए प्रयागराज जनपद में 4 मई को मतदान है। इसको देखते हुए प्रयागराज के सभी माध्यमिक और बेसिक विद्यालयों को बंद करने का आदेश जारी किया गया है। बूथ के आसपास प्राथमिक विद्यालयों में 3 मई को भी बच्चों की छुट्?टी रहेगी। निर्वाचन को देखते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध संघटक महाविद्यालयों में भी 4 मई को अवकाश घोषित किया गया है।बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि 4 मई को नगर निकाय का चुनाव है। जिन विद्यालयों में या आसपास पोलिंग बूथ बने हैं उनमें 3 मई को भी बच्चों के लिए छुट्?टी घोषित की गई है। इन विद्यालयों में शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को विद्यालय में मौजूद रहने को कहा गया है। इसके अलावा 4 मई को जनपद के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है।इलाहाबाद विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी प्रो. जया कपूर ने बताया कि यूनिवर्सिटी 4 मई को पूरी तरह से बंद रहेगी। पांच मई से फिर से विश्वविद्यालय खुलेगा और शिक्षणकार्य होगा। प्रयागराज के जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि 4 मई के जनपद के सभी माध्यमिक विद्यालयों को बंद करने का आदेश दिया गया है। इसी तरह से सीबीएसई और सीआईएससीई बोर्ड के भी सभी विद्यालयों को 4 मई को बंद रखने का आदेश दिया गया है।

## इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रों ने कुलपति का फूंका पूतला

अखंड भारत संदेश

**छात्रों ने प्रशासन से जल्द तीनों आरोपी प्रोफेसर की गिरफ्तारी की उठाई मांग**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय के छात्रों ने प्रो. मनमोहन कृष्णा समेत दो अन्य आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा कार्रवाई न करने पर छात्रों ने छात्रसंघ भवन पर विरोध प्रदर्शन किया। कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव का पुतला फूंका। पुलिस प्रशासन से जल्द-जल्द तीनों आरोपी प्रोफेसर की गिरफ्तारी की मांग उठाई।

**विश्वविद्यालय में उनका आना कर देना चाहिए बैन :** छात्र नेता अजय यादव सम्राट ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के तीन प्रोफेसरों के खिलाफ कोर्ट से एनबीडब्ल्यू जारी हुआ। इन तीनों पर यौन शोषण का आरोप है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय उनका बचाव कर रहा है। जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे प्रोफेसर को विश्वविद्यालय से बाहर कर देना चाहिए। विश्वविद्यालय में उनका आना बैन कर देना चाहिए। ये ऐसे प्रोफेसर हैं जो विश्वविद्यालय से रिटायर हैं। इसमें विश्वविद्यालय की नीति आयोग के चेयरपर्सन है। लेकिन विश्वविद्यालय कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।कहा कि जिला प्रशासन से भी हमारी मांग है। शीघ्र इनकी गिरफ्तारी हो। यदि इनकी गिरफ्तारी नहीं होती है, तो हम लोग सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेंगे। हम लोगों ने इन तीनों के गिरफ्तारी के विरोध में कुलपति का पुतला फूंका। शीघ्र इन पर कार्रवाई कर जल्द से जल्द इनकी गिरफ्तारी हो।

**महिला असिस्टेंट प्रोफेसर से किया जातिसूचक शब्दों का प्रयोग :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की महिला असिस्टेंट प्रोफेसर ने आरोप लगाया था कि विभाग के सेवानिवृति प्रोफेसर मनमोहन कृष्ण, सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रहलाद कुमार और प्रोफेसर जावेद अख्तर अनुसूचित जाति का होने के कारण शुरू से उनके प्रति द्वेष रखते हैं। तीनों पर आरोप है कि 4 अगस्त 2016 को दिन में लगभग 3:45 बजे विभागाध्यक्ष ने महिला प्रोफेसर को अपने कक्ष में विभाग के कर्मचारी रमेश से बुलाया। वहां गई तो पूर्व नियोजित ढंग से वहां तीनों प्रोफेसर बैठे थे। आरोप है कि पहुंचने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए डांटना शुरू कर दिया। वहीं 1 घंटे तक कक्ष में खड़ा कराएं रखा।इस मौके छात्र नेता हरेंद्र यादव, त्र्यंबक नाथ, राहुल सरोज, विकास यादव, राहुल पटेल, आकाश यादव, नवनीत यादव, आलोक त्रिपाठी, टनटन यादव, गौरव गोड, सुधीर क्रांतिकारी, प्रदीप यादव गोलू पासवान, प्रियांशु यादव, अनुराग यादव, ज्ञान गौरव, मोहम्मद सलमान, केडी मौरिया अभिषेक यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## हिनौता नहर पुलिया पर 40 हजार रुपए की लूट व मारपीट, पुलिस छानबीन में जुटी

**करछना।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव हिनौता कुखुड़ी नहर पुलिया पर सोमवार रात 8.30 बजे के करीब चालीस हजार रुपए की लूट व जानलेवा हमला का मामल सामने आया है सूत्रों की मानें तो बघला लालापुर से देवरी खुर्द गांव के लिए आ रहे कृष्ण कुमार कोरी उम्र 22 वर्ष पुत्र सुकुरु कोरी अपने फूफा हिनौता देवरी के घर शादी में सहयोग के लिए 40000/चालीस हजार रुपए देने के लिए जा रहे थे और साथ में मुरारी लाल उनके रिश्ते में फूफा भी साथ में थे। जैसे ही कुखुड़ी नहर पुलिया के पास पहुंचे कि कुखुड़ी हिनौता के तीन लूटेरों ने चालीस हजार रुपए लूट लिये और मारपीट कर अधमरा कर दिया। तीनों लूटेरों की पहचान हो गई है। विनोद पटेल पुत्र खुरखुंदी,देशराज पटेल पुत्र लल्लू,जटा पुत्र रामललन है। वहां के लोगों ने मना किया तब वह तीनों मारना पीटना बंद किया। जब ग्रामीणों ने पूछा तो कृष्ण कुमार कोरी बघला लालापुर निवासी ने आपबीती सुनाई तब तक तीनों लूटेरें फरार हो चुके थे। जब देवरी गांव इन्द्र मणि कोरी को सूचना हुई तो वह घटना स्थल पर पहुंचे और तुरंत करछना थाने में पहुंच कर तीनों लूटेरों के नाम से नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## शिक्षक समाज का वास्तविक निर्माता : नीलम करवरिया

अखंड भारत संदेश

**हुनर को तराशने वाले शिक्षक महान होते है : सुशील मिश्रा**

**प्रदेश में चैंपियन होने पर ओनौर संविलियन विद्यालय के बच्चे हुए सम्मानित**



**मेजा।** क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय ओनौर,उरुवा में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ। उच्च प्राथमिक विद्यालय ओनौर के बच्चों ने प्रदेश में पी.टी. खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर जिले ही नही बल्कि ब्लॉक व स्कूल को भी गौरवान्वित किया है। बच्चों को पुरस्कृत व सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मेजा नीलम करवरिया ने विद्यालय पहुँचकर बच्चों को पुरस्कृत कर उनका हौसला अफजाई किया। उन्होंने कहा कि मैं आभारी हूं उन शिक्षकों की जिन्होंने इन बच्चों के हुनर को तराश कर प्रदेश स्तर पर जीत की पटकथा लिखी है। विद्यालय के बच्चों ने प्रदेश में पी.टी. प्रतियोगिता के ट्रॉफी जीतकर विकास खंड उरुवा और क्षेत्र का मान बढ़ाया है इसके लिए मैं उनके कोच तथा शिक्षकों को हृदय से बधाई देती हूं। ग्राम प्रधान ओनौर रमेश चंद्र गौतम ने कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि व सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह व शाल भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगारंग प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता व अधिवक्ता उच्च न्यायालय सुशील मिश्रा, मेजा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा, करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तिवारी बंधुओं की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान ओनौर रमेश चंद्र गौतम व संचालन वरिष्ठ शिक्षक रामसागर मिश्र ने किया। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अखिलेश दुबे ने आये हुए सभी अतिथियों को बैच लगाकर उनका स्वागत किया तथा कार्यक्रम में पधारें ब्लॉक के चारों एआरपी सुनील शुक्ला, राजेश मिश्रा, प्रीतम दास तथा विमलेश यादव व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष अजीत मिश्रा व मुकेश शुक्ला को शाल भेंट कर उनका स्वागत किया। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान चोरबना मानिक चंद मिश्रा, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष विनोद शुक्ला, मंत्री संदीप पांडेय, विनोद मिश्रा, दिवाकर दत्त मिश्र, राजनारायन प्रजापति, प्रतिभा अवस्थी, बृजेश शुक्ला, जयंत कुशवाहा, राजेश कोलहा, राघवेंद्र सिंह, संपूणार्नंद, मानिक सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## अतीक अहमद का बूथ अति संवेदनशील

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज में 4 मई को होगा निकाय चुनाव, चकिया, करेली, अटाला पर रहेगा ज्यादा फोकस**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में माफिया अतीक अहमद और उसका परिवार जिस चकिया मतदान बूथ पर वोटिंग करता था। वह बूथ निकाय चुनाव में अति संवेदनशील प्लस श्रेणी में रखा गया है। यहां पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स बड़ी संख्या में तैनात रहेगी। वीडियोग्राफी से नजर रखी जाएगी। किसी तरह की अराजकता या गुंडागर्दी न होने पाए। इसके लिए माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा जोनल मजिस्ट्रेट पूरे इलाके में भ्रमण करते रहेंगे।नगर निगम का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए संवेदनशील, अति संवेदनशील और अति संवेदनशील प्लस बूथों की सूची तैयार की गई है। शहर में 34 ऐसे बूथ चिह्नित किए गए हैं जो अति संवेदनशील प्लस की श्रेणी में रखे गए हैं। 98 अति संवेदनशील तथा 126 बूथों को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।

**यह हैं अति संवेदनशील प्लस बूथ :** अल हमरा चकिया, हमीदिया गर्ल्स इंटर कॉलेज नखास कोहना, यादगारे हुसैनी इंटर कॉलेज चौक, लेखपाल प्रशिक्षण केंद्र गौस नगर करेली, नगर निगम विद्यालय रोशनबाग, जिला पंचायत प्राथमिक पाठशाला करैलाबाग, सहारा पब्लिक स्कूल करेली, दिग्गज सिंह इंटर कॉलेज ओमप्रकाश सभासद नगर, पुरुषोत्तम दास टंडन इं. कॉलेज महेवा पश्चिम पट्टी, रम्मन का पुरवा आर्य कन्या विद्यालय, शाह उर्फ पीपल गांव प्राथमिक विद्यालय, सावित्री देवी शंकरलाल कॉलेज काजीपुर नैनी, माधव ज्ञान केंद्र खरकौनी नैनी, रणजीत पांडित इं. कॉलेज नैनी, एमएनएनआइटी तेलियरगंज, हैजा अस्पताल अल्लापुर, बाल विद्या मंदिर चक इमाम अली नैनी, पतंजलि विद्या मंदिर, मसुरियादीन इं. कॉलेज तेलियरगंज, मैरी लूकस इ. कॉलेज व कर्नलगंज इ. कॉलेज अति संवेदनशील प्लस बूथ शामिल हैं।

## अतीक के वकील की पुलिस को मिली रिमांड


अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के वकील खान सौलत हनीफ की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर हो गई है। बुधवार को पुलिस अतीक के वकील से 12 घंटे तक पूछताछ करेगी। ऐसे में अतीक से जुड़े कई और काले कारनामों से पर्दा उठ सकेगा। पुलिस खान सौलत हनीफ से अतीक की बेनामी संपत्तियों और काले कारनामों के बारे में पूछताछ करेगी।

**पुलिस ने सीजेएम कोर्ट से मांगी थी 7 दिन की कस्टडी रिमांड :** प्रयागराज कमिश्नरेट की धूमनगंज पुलिस ने खान सौलतहनीफ की सीजेएम कोर्ट से 7 दिन की कस्टडी रिमांड मांगी थी। हालांकि, कोर्ट ने केवल 12 घंटे की ही कस्टडी रिमांड दी है। हनीफ बुधवार की सुबह 6 से शाम 6 बजे तक पुलिस कस्टडी रिमांड पर रहेगा।उमेश पाल की हत्या की साजिश रचने और उमेश पाल की तस्वीरें शूटर्स को भेजने का सौलत हनीफ पर आरोप है। वहीं, खान सौलत हनीफ उमेश पाल अपहरण मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। इस समय वह प्रयागराज की नैनी सेंट्रल जेल में बंद है।

**आयशा नूरी की सरेंडर अर्जी पर सुनवाई टली :** वहीं, उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद की फरार बहन आयशा नूरी की सरेंडर अर्जी पर मंगलवार को सीजेएम कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। आयशा ने वकीलों के माध्यम से कोर्ट में सरेंडर अर्जी दी थी। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 8 मई को करने का फैसला किया है। आयशा पर उमेश पाल हत्याकांड में शामिल रहे 5 लाख रुपए के इनामी शूटर गुड्डू मुस्लिम को मेरठ स्थित अपने घर में संरक्षण देने का आरोप है। आयशा पर प्रयागराज पुलिस ने 50 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा है। अभी वह फरार चल रही है। पुलिस को उसकी तलाश है।

### आखिर हनीफ को क्यों हुई उम्र कैद की सजा



प्रयागराज की एमपी एमएलए कोर्ट में इस बात के पुख्ता सुबूत थे कि उमेश पाल का अपहरण कर अतीक के चकिया स्थित कार्यालय में जब लाया गया था, तो वकील खान सौलत हनीफ पहले से मौजूद था। शौलत ने हलफनामे पर उमेश पाल से हस्ताक्षर करा लिए थे। इस कागज में अतीक अहमद के समर्थन में बयान लिखा हुआ था। इसके अलावा एक कागज भी दिया गया था, जिसमें चेतावनी दी थी कि वह कोर्ट में वही बयान दे जो कागज पर लिखा है। नहीं तो उसे मौत के घाट उतार दिया जाएगा।पुलिस की चार्जशीट में यह बात साफ लिखी हुई थी कि उमेश पाल के अपहरण केस की अतीक एडवोकेट खान सौलत हनीफ की पूरी जानकारी थी। इसी आधार पर प्रयागराज की विशेष टढ-टछअ कोर्ट के जज डॉ. दिनेश चंद्र शुक्ला ने खान सौलत हनीफ को भी अतीक अहमद और दिनेश पासी के साथ उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके अलावा एक लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया था।प्रयागराज के रहने वाला खान सौलत हनीफ सीनियर एडवोकेट है और लंबे समय से आतीक से जुड़े मुकदमे देखता रहा है। उसने कई मामलों में अतीक अहमद की पैरवी की है। सेशन कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट क हनीफ ही अतीक अहमद के मुकदमे लड़ा करता था। अतीक अहमद को तीन दशक तक कोई सजा नहीं हो सकी, तो उसके पीछे कहीं न कहीं खान सौलत हनीफ की भी भूमिका रही है।

## न्यूज झरोखा

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, दिल्ली से शादी में शामिल होने के लिए आया था युवक



**सिरसा।** मेजा में दिघिया रेलवे फाटक के अप लाइन पर दिल्ली वाया हावड़ा रेलमार्ग पर मंगलवार शाम ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। मांडा थाना क्षेत्र के ढिलिया गांव निवासी यशवंत सिंह पुत्र रामराज यादव मंगलवार की शाम बाइक से दिघिया रेलवे फाटक पहुंचा। फाटक बंद होने के बावजूद वह बाइक लेकर फाटक को पार कर रहा था। तभी दिल्ली वाया हावड़ा रेलमार्ग के अप लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। वहीं दिल्ली में बड़े भाई मंजीत यादव के साथ रहकर प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में नौकरी करता था। दिल्ली से ननिहाल में शादी में शामिल होने के लिए आया था 2 मई को ननिहाल में बारात आ रही थी।

### पांच लाख के इनामी गुड्डू मुस्लिम ने गोवा में भी काटी फरारी

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में फरार पांच लाख का इनामी बमबाज गुड्डू मुस्लिम पुलिस के लिए पहेली बनकर रह गया है। पता लगा है कि वह पुलिस को भनक लगने के पहले ही वह मेरठ से निकलकर गोवा चला गया था। वहां से भी उसने ठिकाना बदल लिया है। शक है कि गोवा में सुरक्षित ठिकाना बनाने में लखनऊ के एक बिल्डर ने उसकी मदद की थी। पुलिस इसकी तस्दीक करने में जुटी हुई है।उमेश पाल हत्याकांड को हुए 66 दिन बीत चुके हैं, लेकिन पांच लाख रुपये का इनामी गुड्डू मुस्लिम अब तक पुलिस की पहुंच से दूर है। उसकी तलाश में लगी एसटीएफ भी नाकाम है। हालांकि, उसकी तलाश में मेरठ, नासिक, झांसी, ओडिशा समेत अन्य जगहों पर पुलिस व एसटीएफ दबिश दे चुकी है। मालूम हुआ है कि वह मेरठ से निकलकर कुछ दिनों के लिए गोवा भी पहुंचा था। वहां एक स्थानीय अपराधी की मदद से वह कुछ दिनों तक फरारी काटता रहा। हालांकि, पुलिस टीमों को इसकी भनक लगने के पहले ही वह गोवा से भी निकल भागा। फिलहाल, यह पता लगाया जा रहा है कि गोवा के अपराधी से गुड्डू मुस्लिम का संपर्क कैसे हुआ।

**हिस्ट्रीशीटर बिल्डर की भी गोवा में मिली थी लोकेशन :** उमेश पाल हत्याकांड के बाद लखनऊ के एक हिस्ट्रीशीटर बिल्डर की लोकेशन भी कुछ दिनों के लिए गोवा में मिली थी। यह वही बिल्डर है, जो उमेशपाल हत्याकांड से पहले लगातार गुड्डू मुस्लिम के संपर्क में था। दोनों के बीच मोबाइल फोन पर कई बार बातें हुई हैं। कॉल डिटेल रिपोर्ट से पुलिस को इसके पुख्ता सबूत मिले हैं। इसी कारण शक है कि गुड्डू मुस्लिम को फरारी काटने के लिए गोवा का सुरक्षित ठिकाना कहीं इसी बिल्डर ने उपलब्ध नहीं कराया।

**दिल्ली पुलिस भी गिरफ्तारी में जुटी :** अवैध शस्त्र रखने के एक मुकदमे में आरोपी गुड्डू मुस्लिम की तलाश दिल्ली पुलिस को भी है। दरअसल, मार्च में पकड़े गए विदेशी असलहों के तस्कर अवतार सिंह व माफिया अतीक के बेटे असद के मददगार खालिद, जीशान व जावेद ने गुड्डू मुस्लिम का नाम कबूला है। उमेश पाल हत्याकांड से कुछ दिन पहले ही अवतार ने खालिद को 10 विदेशी असलहों की सप्लाई की थी। इस मामले में पूछताछ के लिए गुड्डू मुस्लिम के शिवकुटी स्थित पैतृक घर के दरवाजे पर दिल्ली पुलिस ने नोटिस भी चिपकाया था। बमबाज को न आना था, न ही वह आया। अगर उसकी गिरफ्तारी हो सकी तो दिल्ली पुलिस उससे असलाह आपूर्ति पर पूछताछ करेगी।

## किराने की दुकान में लगी आग

अखंड भारत संदेश

**दुकानदार को आग लगाए जाने की आशंका, पुलिस कर रही जांच**



**करछना।** थाना अंतर्गत नहर कोठी में स्थित किराने की दुकान में मंगलवार को सुबह आग लग गई। आग कैसे लगी, यह स्पष्ट नही हो पाया है। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। आग में लाखों का नुकसान हो गया। करछना थाना अंतर्गत बसरिया गांव निवासी बरमदीन यादव क्षेत्र के नहर कोठी में अपना मकान बनकर उनमें से एक कमरे में किराने की दुकान चलाते है। उन्होंने दुकान के आगे पुआल का छप्पर डाल रखा है। किराने की दुकान से उनके पूरे परिवार का भरण पोषण होता है। रोज की तरह सोमवार शाम को आठ बजे वह दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। सुबह पड़ोस के दुकनादार मनोज ने उन्हे फोन करके सूचना दी कि उनकी दुकान में आग लग गई है। वह भागकर मौके पर पहुंचे।दुकान के छप्पर में लगी आग शटर के बगल से दुकान के अंदर तक पहुंच गई। जिससे दुकान में रखा सारा सामान भी आग की लपटों को जद में आ गए। जिससे पूरे दुकान आग का गोला बन गई। आसपास के लोग आग बुझाने का जतन करने लगे फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग में सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। ब्रह्मलीन यादव ने बताया कि आग लगने का कारण नहीं है स्पष्ट हो पाया है आशंका है कि किसी ने जानबूझकर आग लगा दी है। करछना पुलिस का कहना है कि आग लगी है, लेकिन कैसे लगी यह नहीं स्पष्ट हो पाया है। जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

## नगर पंचायत भरतगंज में सास के सामने बहू और जेठानी को देवरानी की चुनैती!

**सिरसा।** मेजा के मांडा के नगर पंचायत भारतगंज में चुनावी बिगुल बज चुका है। सभी प्रत्याशी मतदाताओं को रिझाने में पूरी शिद्दत से जुट हुए हैं। नगर अध्यक्ष पद के 8 व सभासद पद के 56 उम्मीदवार चुनावी समर में आमने- सामने हैं। जिसमें 10 प्रत्याशी के बीच नजदीकी रिश्तेदारी चुनावी चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं दो संबंधियों के बीच जारी चुनावी लड़ाई को लेकर उनके समर्थकों में उहापोह की स्थिति बनी हुई है। भारतगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कुल 9 उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल किया। जिसमें भाजपा समर्थित उम्मीदवार की सास ने अपना पर्चा वापस ले लिया। अध्यक्ष पद के लिए करीब 8 प्रत्याशी वर्तमान चुनावी समर में मौजूद हैं। रिश्तेदारों के बीच सियासी उहापोह पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर रह चुकी यासमीन खान अध्यक्ष पद की दावेदार है। दूसरी तरफ उनकी ननद नूर बानो भी चुनावी समर में दो-दो हाथ करने के लिए चुनावी मैदान में हैं। वहीं ननद और भाभी की चुनावी लड़ाई के बीच घरवालों पर रिश्तेदारों को एक साथ बाइक से आते जाते देख मतदाताओं उहापोह की स्थित बनी हैं। इसी तरह फिर सबकदून बनो व उनकी बहू फिरदौस दोनों अध्यक्ष पद की दावेदारी ठोक चुकी है। आमिर शकील टंकी की पत्नी फरा बेगम अपने सास सलमा के खिलाफ चुनाव मैदान में हैं। कस्बे 13 वार्ड में सभासद के 56 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है जिसमें कटरा दक्षिणी वार्ड 9 से सभासद प्रत्याशी हुस्ना बानो अपनी जेठानी मदीना बानो के खिलाफ पर्चा दाखिल कर चुनाव मैदान में हैं वार्ड 7 चिकन मोहल्ला से इफत रूही ही अपनी चचेरी सास शबनम बानो के खिलाफ चुनाव लड़ रही है।

**अध्यक्ष पद के लिए ननद और भाभी में टक्कर**



# बेकाबू कार ने रिक्शा में मारी टक्कर, पांच मरे, तीन घायल

## शादी के मांगलिक कार्य से ई-रिक्षा से लौट रहा था अधिवक्ता परिवार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर सोमवार की देर रात एक बेकाबू कार ने एक ई रिक्षा को टक्कर मार दी जिससे रिक्षा के परखचे उड़ गये। ई रिक्षा में बैठे अधिवक्ता परिवार के चार सदस्यों व एक रिक्षा चालक की मौत हो चुकी है जिसमें दो पुरुष, दो महिला व एक मासूम शामिल है। घटना की सूचना मिलने पर पैतृक गांव में कोहराम मचा हुआ है।

घटना के बारे में बताया जाता है कि शहर के दहिलामऊ निवासी अधिवक्ता अनुज श्रीवास्तव के भतीजे की मंगलवार को उनके पैतृक गांव रानीगंज क्षेत्र में शादी थी जिसके लिये मांगलिक कार्य में शामिल होने के लिये अधिवक्ता अनुज श्रीवास्तव के परिजन सोमवार को अपने पैतृक गांव रानीगंज क्षेत्र के कायस्थ पट्टी गये थे जहां से वह देर रात ई रिक्षा से दहिलामऊ स्थित अपने घर लौट रह थे। जैसे ही ई-रिक्षा राजापुर मानापट्टी के पास पहुंचा, तेज रफ्तार में आई एक कार ने ई-रिक्षा को जोरदार टक्कर मारी जिससे रिक्षा के परखच्चे उड़ गये और उसमें बैठे लोग बुरी तरह घायल हो गये। इस घटना में ई रिक्षा पर सवार अनुज श्रीवास्तव (38), नवीन श्रीवास्तव (30), प्रीति श्रीवास्तव (33), आस्था (35), सौम्या श्रीवास्तव (30), शषिकांत (28), ई रिकशा चालक अन्नू उर्फ अनवर (35) तथा तीन माह की नव्या श्रीवास्तव घायल हो गये थे। सभी घायलों को उपचार के लिये मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद अनुज श्रीवास्तव की पत्नी आस्था, सौम्या पत्नी नवीन श्रीवास्तव और रिक्षा चालक अन्नू अनवर का मृत घोषित कर दिया। नवीन श्रीवास्तव को उपचार के लिये प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई तथा मासूम नव्या की मौत मंगलवार को उपचार के दौरान हो गई। इस तरह अधिवक्ता परिवार के चार तथा एक रिक्षा चालक की मौत के बाद रानीगंज से लेकर दहिलामऊ तक कोहराम मचा हुआ है। अधिवक्ता के शहर स्थित आवास में ताला लगा हुआ है। रानीगंज के कायस्थ पट्टी गांव में खुषी का माहौल मातम में बदल गया है।


मृतक नवीन।


मृतक उसकी पत्नी।


मृतक नव्या।


मृतक अन्नू अनवर।


अधिवक्ता परिवार की मौत पर रोते-बिलखते परिजन।

## राजापाल टंकी चौराहे पर मिला युवक का शव

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजा पाल टंकी चैराहे के पास मंगलवार की सुबह करीब 6:30 बजे एक अज्ञात युवक का शव पाया गया, जिसका रंग सांवला, इकहरा मजबूत जिस्म, आंख, नाक, कान, कद औसत एवं उम्र करीब 28 वर्ष है। युवक नीली चेकदार शर्ट, नीली जींस एवं सफेद स्पोर्ट्स शूज पहने हुए है। युवक की किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से मृत्यु होने की संभावना है। युवक ग्राम के पूरे शुकाल के टेऊंगा का निवासी है युवक का नाम अर्जुन गौतम पुत्र जयंती प्रसाद गौतम है।

# रायबरेली में हुई सड़क दुर्घटना में बेल्हा के दो युवकों की हुई मौत


शुभम (फाइल फोटो)।


सन्नी (फाइल फोटो)।

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार की रात दो दोस्तो की जिंदगी का अंत हो गया। हर पल एक साथ रहने वाले दोनो युवकों ने एक साथ ही दुनिया को अलविदा कह दिया। रायबरेली में हुई सड़क दुर्घटना में दोनो युवकों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रायपुर तियाई निवासी संजय सिंह का पुत्र शुभम सिंह (30) गांव के ही सन्नी सिंह (31) पुत्र वीरेंद्र सिंह सोमवार को किसी काम से दोनो एक ही बाइक से रायबरेली गए हुए थे। दोनों युवक रात्रि लगभग 11 बजे रायबरेली से घर के लिए निकले थे। जैसे ही वह दोनो युवक सिविल लाइन पार कर ही रहे थे की पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बस ने दोनो को रौदते हुए निकल गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने शवों का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया। वहीं दोनों युवकों के दोस्ती की भी चर्चा लोगों के बीच एक आम थी। दोनों की यारी इतनी थी की लोगो के बीच एक मिसाल थी। साथ उठना साथ बैठना, कही जाना भी हो तो साथ ही साथ जाना। आखिर यही हुआ मरते दम तक दोनो का एक साथ रहा और साथ ही साथ दुनिया को अलविदा कह दिया। घटना को लेकर परिजनों के साथ ही गांव में कोहराम मच गया।

### पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा,परिजनों में मचा कोहराम

# भाजपा तथा विपक्षी दलों ने शहर में निकाली रैली, मांगा समर्थन

## अंतिम दिन प्रत्याशियों ने झोंकी पूरी ताकत


रैली निकाले सपा प्रत्याशी संतोष यादव।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मंगलवार की शाम नगर निकाय के पहले चरण का चुनाव थम जाएगा। इसको देखते हुए आज बेल्हा नगर पालिका व जिले की टाउन एरिया का चुनाव प्रचार का आज अंतिम दिन था इसलिये आज भाजपा प्रत्याषी हरिप्रताप सिंह तथा विपक्षी पार्टी में समाजवादी पार्टी व निर्दलीय उम्मीदवारों ने शहर में रैली निकालकर समर्थन मांगा।

बताया जाता है कि भाजपा प्रत्याशी हरिप्रताप सिंह के साथ बड़ी संख्या में लोग चल रहे थे। हरिप्रताप सिंह का कहना है कि उनको शहर के हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जितना समर्थन इस बार मिल रहा है, उतना 25 वर्षों में नहीं मिला। शहर के वार्डों में लड़ रहे भाजपा प्रत्याषी व उनके समर्थक भी रैली में शामिल थे। यह रैली शहर के अनेक क्षेत्रों में घूमी और जनता का समर्थन मांगा। इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। इसी प्रकार विपक्षी पार्टियों में समाजवादी पार्टी के प्रत्याषी संतोष यादव के समर्थन में आज पहली बार सपा के रानीगंज विधायक डा0 आरके वर्मा रैली में शामिल हुए। इस दौरान डा0 आरके वर्मा ने कहा कि आधी से ज्यादा सीट सपा जीतेगी।


शहर में रैली निकालकर लोगों से मिलते भाजपा प्रत्याशी हरिप्रताप सिंह।

# संत अंथोनी में मतदान कार्मिको को दिया गया प्रशिक्षण


मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण की जानकारी देते मास्टर ट्रेनर।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को शांतिपूर्ण, सकुशल और निष्पक्षता पूर्ण संपन्न कराने के लिए विशेष कार्मिकों यथा अनुपस्थित, आरक्षित एवम् अतिरिक्त कार्मिकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवम् नगरीय निकाय 2023) प्रतापगढ़ डॉ नितिन बंसल एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक (पंचायत एवम् नगरीय निकाय 2023) के आदेश के क्रम में मतदान कार्मिकों का जिसमें पीठासीन प्रथम मतदान अधिकारी द्वितीय मतदान अधिकारी एवं तृतीय मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ में संपन्न हुआ।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में 109 मतदान कार्मिक का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन का समय सुबह 7:00 बजे से शाम को 6:00 बजे तक का होगा एक ही बैलट बॉक्स में अध्यक्ष और सदस्य के मत डाले जाएंगे.पोलिंग स्टेशन पर मोबाइल फोन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। मतदाताओं की मतों का प्रयोग करते समय कि कोई भी फोटोग्राफी नहीं करेगा कोई भी एजेंट या मतदाता मोबाइल फोन लेकर मतदान केंद्र पर नहीं जाएगा मतदान की गोपनीयता पूर्ण रूप से बरकरार रखी जाएगी किसी भी विपरीत परिस्थिति में सेक्टर मजिस्ट्रेट जोनल मजिस्ट्रेट और जनपद स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम पर इसकी सूचना दी जाएगी आयोग द्वारा निर्धारित 14 विकल्पों के माध्यम से मतदाताओं की पहचान की जाएगी मतदान केंद्र के अंदर धूम्रपान पूर्णतया वर्जित रहेगा अपनी टीम में टीम भावना से काम करें बाहरी किसी व्यक्ति का आप आतिथ्य ना स्वीकार करें। पूर्णतया निष्पक्ष होकर निर्वाचन संपन्न कराएं.साथ ही साथ पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण भी दिया गया और बैलट बॉक्स खोलना और बंद करना भी सिखाया गया और इसे सील करना भी सिखाया गया। इस अवसर पर शैलेन्द्र वर्मा उपजिलाधिकारी सदर, ओम प्रकाश मिश्रा जिला विकास अधिकारी प्रतापगढ़, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ भूपेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह, डॉ मोहम्मद अनीस, वसीम अहमद, बृजेश तिवारी आदि रहे। मास्टर ट्रेनर में प्रमुख रूप से डॉ मोहम्मद अनीस, दिलीप सिंह, वेद प्रकाश, आलोक पांडे ,चंद्र मणि तिवारी विनोद कुमार सहित समस्त टेक्निकल मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

## मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत कर बढ़ाएं जिले का गौरवः एलायंस क्लब

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने नगर निकाय चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि क्लब लोकसभा, विधानसभा के चुनाव में अग्रिणी भूमिका निभाकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करता आ रहा है। उसी क्रम में नगर निकाय के आम चुनाव में भी सभी मतदाताओं से अपील है की शत प्रतिशत मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें और जिले का गौरव बढ़ाएं। साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य ने सभी मतदाताओं से कहा कि लोकतंत्र को मजबूती तभी मिलेगी जब शत प्रतिशत मतदान हो और मतदान के नारे भी लगाए गए। पहले मतदान फिर जलपान, चाचा चाची भूल न जाना मतदान करने जरूर जाना।

## मतदान केन्द्रों व बूथों की नगर पालिका ने की सफाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के चुनाव के लिये शहर में 38 मतदान केन्द्र तथा 110 बूथ बनाये गये हैं। यहां की साफ-सफाई मंगलवार को नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा की गई। बता दें कि पोलिंग पार्टियां कल शाम तक मतदान केन्द्रों पर पहुंच जाएंगी। इसके लिये वहां साफ-सुथरा होना बहुत आवष्यक है। इसके लिये जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल का निर्देष शहर के सभी मतदान केन्द्रों की साफ-सफाई का निर्देष अधिषाषी अधिकारी नगर पालिका राम अचल कुरील को दिया गया था। उनके निर्देषन में सफाई निरीक्षण संतोष कुमार सिंह ने आज सभी मतदान केन्द्रों व बूथों पर सफाई कर्मी भेजकर वहां झाड़ू लगवाया और साफ-सफाई कराई तथा शौचालय की सफाई की गई। बता दें कि चार मई को इन्हीं मतदान केन्द्रों व बूथों पर शहर में मतदान होगा।


मतदान केन्द्रों पर साफ-सफाई करते सफाई कर्मचारी।

## बच्चों ने समझाया श्रमिकों का महत्व

**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में छात्र- छात्राओं ने मंगलवार को श्रमिकों की वास्तविकता प्रकाश डाला। बच्चों ने श्रमिकों के महत्व को बताते हुए उनके सम्मान का संकल्प लिया। इसके पूर्व प्रिंसिपल समीना अख्तर ने शुभारंभ करते हुए छात्र-छात्राओं को श्रमिकों के महत्व को बताया। अलिज्जा,इशांत, अवन्या अंशुमान, आयांश, प्रियान्वी, अथर्व अल्जिया, आमान, अनंत, आशी, माजखान, अवनी आदि बच्चे सफाईकर्मी, किसान, दूधवाला, सब्जी वाला, चाय वाला, कुली, मोची आदि के वेशभूषा में कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संध्या शुक्ला, अंकिता तिवारी, समा वरीश ने सम्बोधन व संचालन रेनू सिंह ने किया।

## विनय सिंह भोला ने किया तूफारी दौरा

**प्रतापगढ़।** जिल में नगर पालिका के अध्यक्ष पद के निर्दलीय उम्मीदवार विनय सिंह भोला का तूफानी दौरा सगरा गांव से शुरू हुआ। मीरा भवन, कंपनी गार्डन, अंबेडकर चैराहा, राजा पाल टंकी, श्रीराम चैराहा होते हुए चैक घंटाघर ठठेरी बाजार, चिलबिला चैराहा, बाबागंज निर्मल पैलेस चैराहा स्टेशन रोड, गाजी के चैराहा होते हुए मीरा भवन में समाप्त हुआ। तूफानी दौरे में जनता का समर्थन भरपूर मिल रहा था, अधिवक्ता साथी, युवा साथी, व्यापारियों का साथ भरपूर मिला। जनता तथा समर्थन को देखते हुए घबराहट बनी हुई है। इस मौके में लोकेश मिश्रा एडवोकेट, निशांत उपाध्याय एडवोकेट, राकेश पांडे मिंटू हर्ष मिश्रा, सनी, राजाआदि लोग थे।

## गुलशन यादव समेत सात नामजद व 70 अज्ञात पर धारा 144 के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज

**कुंडा।** पुलिस ने सपा प्रत्याषी सीमा यादव के पति गुलषन यादव समेत सात लोगों के खिलाफ धारा 144 के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया है। इसके साथ ही 70 अज्ञात लोगों पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है। कुंडा नगर पंचायत में सपा प्रत्याशी सीमा यादव के पक्ष में गुलशन यादव समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता प्रचार पर निकले थे। कुंडा पुलिस ने उन्हें देखने के बाद प्रचार करने से रोक दिया था। इस पर कार्यकताओं ने पुलिस से बहस भी की थी। देर शाम एसआई कमलेश पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने गुलशन यादवए दीपक यादवए राम प्रताप यादवए धीरज यादवए मो शूकरए विपिन यादवए हरिकेश यादव व 65 . 70 समर्थकों के खिलाफ बिना अनुमति के बैनर पोस्टर के साथ प्रचार करने व धारा 144 का उल्लंघन करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सात वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना लीलापुर के प्र0नि0 सुभाष कुमार यादव मय देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0 211/2021 धारा 323, 504, 506, 304 भादवि से संबंधित अभियुक्त मलखान पुत्र गिरीश निवासी ग्राम गाबी महुआबन, थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना लीलापुर क्षेत्र के अजगरा बाजार से गावी महुआवन जाने वाली रोड के तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

उधर थाना दिलीपपुर के उ0नि0 सुनील कुमार गुप्ता मय देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0 54/2023 धारा 147, 148, 149, 323, 307, 308, 504, 506 भादवि से संबंधित अभियुक्त सुनील वर्मा पुत्र रामराज वर्मा निवासी पूरे निहाली, पूरे बेटुआ थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के ग्राम सरखेलपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना रानीगंज के उ0नि0 सालिकराम शुक्ला मय देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0 8479/12 धारा 323,506,325 भादवि से संबंधित कुल चार वारण्टी रंजीत पुत्र रामकिशुन, प्रेम पुत्र लल्लू, ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश पुत्र रामदुलारे निवासी ग्राम मानपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ व संतलाल पुत्र रामदुलारे निवासीगण ग्राम मानपुर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर जनपद के थाना हथिगवां के उ0नि0 ज्ञानेन्द्र कुमार मय देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0 72/2023 धारा 363, 366, 376, 506 भादविव 3/4 पॉक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्त प्रदुम यादव पुत्र राममिलन यादव निवासी दलापुर धीमी थाना हथिगवां जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के किलहनापुर चैराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

## अवैध तमंचा व चोरी की मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

उधर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल निर्देशन में थाना लीलापुर के उ0नि0 रमेश कुमार यादव मय हमराह देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सबील पुत्र सकील निवासी बरिस्ता थाना लीलापुर हाल पता मठिया थाना रानीगंज प्रतापगढ़ को अवैध देसी तमंचा 315 बोर व जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं चोरी की मोटर साइकिल पल्सर के साथ थाना क्षेत्र के छैमर सरैया तिराहा वहद ग्राम देवली के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना लीलापुर परमु0अ0सं0 122/2023 धारा 411, 420, 465 व 3/25 आर्म्स एक्टका अभियोग पंजीकृत किया गया। मोटर साइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। अभियुक्त से पूछताछ करने पर बताया कि यह मोटर साईकिल चोरी की है जिसे मैने अंतू थाना क्षेत्र से (25-30) दिन पहले चोरी की थी एवं पकडे जाने के डर से नम्बर प्लेट बदल दिया था।

# शेर कभी शिकार करना छोड़ता नहीं है और शेर कभी कुत्ते का शिकार नहीं करता : राजा

अखंड भारत संदेश

**कुंडा।** शेर कभी शिकार करना छोड़ता नहीं है और शेर कभी कुत्ते का शिकार नहीं करता। यह सभी जानते हैं इसे बताने की जरूरत नहीं है। यह बातें कुंडा में आयोजित जनसत्ता पार्टी की जनसभा में शिवकुमार त्रिपाठी के लोगों से वोट मांगने के दौरान कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने कहीं। उनके नगर निकाय चुनाव में यह जुमला बोलते ही हलचल मच गई है। दरअसल मंच पर एक वक्ता ने यह शेर बोला कि शेर ने शिकार करना क्या छोड़ा कुत्तों ने समझा इलाका हमारा है। इस शेर ने मंच पर हलचल मचाई तो पार्टी के राष्टीय महासचिव डा केएन ओझा ने सपा के कुछ बागियों का नाम न लेते हुए उन पर शब्दबाणों की बौछार की। उनके वक्तव्य से मंच गरमाया तो अपने संबोधन में कुंडा विधायक व जनसत्ता दल के राष्टीय अध्यक्ष राजा भैया ने भी यह जुमला बोलकर हलचल मचा दी। उन्होनें कहा कि जनसत्ता दल परिवार विश्व का सबसे बडा परिवार है। भाजपा की लहर में जनसत्ता दल ने इतिहास रचा। भाजपा की लहर में सपा का कोई प्रत्याशी नहीं जीता बल्कि जनसत्ता से अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी एमएलसी हो गए। कुंडा नगर की जनता को ठीक ठाक मार्जिन से जनसत्ता के प्रत्याशी को जिताना चाहिए। यह भी कहा कि नगर पंचायत का चुनाव स्वस्थ स्पर्धा है। नगर पंचायत चुनाव के बाद एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी हपते में एक दिन बैठेंगे। उन्होंने महीने में एक बार वह भी नगर पंचायत की ही समस्याएं ही सुनेंगे। उन्होंने सभी कार्यकाताओं का उत्साह बढ़ाया और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उन्होंने व्यवसायियों के समर्थन पर चुटकी भी लेते हुए कहा कि व्यवसायी उनसे मिले और तनमन से साथ होने की बात कही। इस पर वह अगले शब्द का भी इंतजार करते रहे लेकिन व्यवसायियों ने इस पर कुछ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों के सम्मान के लिए वह हमेशा तत्पर रहेंगे।


मेधावी छात्रा को साइकिल भेंट करते प्रबंधक।

## विद्यालय के होनहारों को पारितोशिक के साथ किया गया सम्मान

### राममूर्ति मिश्र इंटर कॉलेज अगई में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड परीक्षा में विद्यालय के सफल मेधावी छात्र-छात्राओं को मंगलवार को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक विजय शंकर मिश्र ने स्कूल के होनहारों को पारितोषिक के साथ सभी को सम्मानित किया।

प्रबंधक ने हाई स्कूल की परीक्षा में सर्वोच्च 94 प्रतिषत अंक लाने वाली अंजली पटेल को साइकिल भेंट की वही दूसरे स्थान पर रही सलोनी सोनी व तीसरे स्थान पर स्नेहा सोनी को इण्टर विज्ञान वर्ग की पाठ्य पुस्तकें भेंट की गईं। इण्टर मीटियट की परीक्षा में सर्वोच्च अंक लाने वाली शैलजा मिश्रा (93.5 प्रतिषत) को साइकिल तथा दूसरे स्थान पर क्षमा पाण्डेय व तीसरे स्थान पर रही माधुरी जायसवाल को अगली कक्षा में प्रवेश के शुल्क हेतु पारितोषिक धनराशि देकर सम्मानित किया गया। प्रबन्धक विजय शंकर मिश्र ने इस सफलता का श्रेय प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को दिया। सभी ने बच्चों को मिठाईयां खिलाईं एवं हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारिका प्रसाद त्रिपाठी, कृष्ण कुमार मिश्र, सुरेन्द्र शर्मा, अखिलेश शुक्ल, हरि शंकर तिवारी, नन्हे लाल पाल, विजय वर्मा, शिखा तिवारी, स्वाती सिंह, बबिता वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### निरोधात्मक कार्यवाही में 08 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीरा से दो थाना सराय अकिल से एक थाना पिपरी से एक थाना कोखराज से चार कुल 08 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**चेकिंग के दौरान कार्यवाही :** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 171 वाहनों का ई-चालान किया गया।

**वांछित अभियुक्त गिरफ्तार :** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त राजू सरोज पुत्र भगवत प्रसाद निवासी सहजादपुर थाना कोखराज को टेढ़ी मोड के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# राजस्थान में हत्या करने के बाद 13 वर्षो से कौशांबी में छिपा रहा हत्यारोपी

## न्यायालय के आदेश के बाद राजस्थान की पुलिस के साथ कौशांबी पुलिस ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश



राजस्थान पुलिस के हत्थे चढ़ा हत्यारोपी

**करारी कौशाम्बी।** राजस्थान के जोधपुर पश्चिम में वर्ष 2010 में हत्या करने के बाद हत्या आरोपी कौशांबी वापस लौट आया था 13 वर्षों से राजस्थान की पुलिस हत्या आरोपी की तलाश कर रही थी लेकिन हत्या आरोपी कौशांबी में मौज कर रहा था राजस्थान पुलिस खोजते खोजते कौशांबी पहुंची और कौशांबी पुलिस की मदद से हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के लिए आरोपी को लेकर राजस्थान रवाना हो गई है। घटनाक्रम के मुताबिक मध्य प्रदेश के नयागांव भिंड निवासी राजू कुशवाहा उर्फ जनक सिंह पुत्र छोटेलाल की हत्या जोधपुर पश्चिम राजस्थान में राकेश पुत्र बासुदेव पासी निवासी म्योहर थाना करारी द्वारा 13 वर्षों पूर्व वर्ष 2010 में कर दी गई थी हत्या के बाद हत्या आरोपी राकेश वापस कौशांबी लौट आया। हत्या का मुकदमा थाना बसानी जनपद जोधपुर पश्चिम पुलिस ने दर्ज किया था। थाना बसानी जोधपुर पश्चिम राजस्थान की पुलिस बीते 13 वर्षों से हत्या आरोपी राकेश पासी की तलाश कर रही थी और खोजते खोजते राजस्थान पुलिस टीम एएसआई रामनारायण के नेतृत्व में कांस्टेबल राज सिंह कांस्टेबल धर्मेंद्र और कांस्टेबल दीनदयाल के साथ कौशांबी पहुंच गई और कौशांबी पुलिस से हत्यारोपी की गिरफ्तारी में सहयोग की मांग की कौशांबी पुलिस के सहयोग से राजस्थान पुलिस टीम ने हत्या आरोपी राकेश को गिरफ्तार कर लिया है और संबंधित न्यायालय में पेश करने के लिए बसानी जिला जोधपुर पश्चिम राजस्थान की पुलिस टीम वापस लौट गई है।

# नौकरी देने का ठेका लेकर ठगी करने वाले सपा प्रत्याशी की सीओ से शिकायत

अखंड भारत संदेश

सपा के अखिलेश सिंह यादव की सरकार में सपा प्रदेश अध्यक्ष लोहिया वाहिनी के भाई ने की थी 5 लाख रुपए से अधिक की ठगी




**कौशाम्बी।** नौकरी का झांसा देकर आम जनमानस को ठगने वाले को समाजवादी पार्टी ने नगर पंचायत चरवा से समाजवादी पार्टी का नगर पंचायत अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया है सपा प्रत्याशी पर ठगी करने का आरोप है और ठगी करने के आरोपी सपा प्रत्याशी की शिकायत पीड़ित परिवार ने क्षेत्राधिकारी चायल से कर आरोपी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी ने नगर निकाय के चुनाव में नगर पंचायत चरवा से रामसरन निर्मल को पार्टी से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया है वह इन दिनों चुनाव मैदान में प्रचार कर रहे हैं समाजवादी पार्टी प्रत्याशी राम सरन निर्मल के भाई राम करन निर्मल समाजवादी पार्टी के लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर सुशोभित हैं समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल के भाई रामशरन निर्मल पर गरीबों बेरोजगारों को झांसा देकर नौकरी दिलाने के आड़ में ठगी करने का आरोप है। चरवा थाना क्षेत्र के मोहिद्दीन पुर गांव निवासी सुख सागर सिंह पुत्र देवराज सिंह ने क्षेत्राधिकारी चायल को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वर्ष 2016 में जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी अखिलेश सिंह यादव की सरकार थी तो उस समय ग्राम विकास अधिकारी की नौकरी दिलाने के नाम पर रामशरन निर्मल ने 5 लाख 88 हजार रुपए की रकम ले ली थी लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिल सकी जिस पर वह अपने द्वारा दी गई 5 लाख 88 हजार रुपए की रकम वापस मांगने लगे समाजवादी पार्टी के नेता लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष के भाई रकम देने के बजाय सुख सागर सिंह से गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगे काफी दिनों से रकम वापस करने की मांग सुख सागर सिंह रामशरन निर्मल से करते रहे इस बात का कई ऑडियो भी वायरल हो रहा है। अब उन्हें फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर सुख सागर सिंह का हौसला तोड़ने का प्रयास समाजवादी पार्टी के नेता के भाई द्वारा किया जा रहा है रकम वापस न मिलने पर सुख सागर सिंह ने क्षेत्राधिकारी चायल को शिकायती पत्र देकर चरवा नगर पंचायत से अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रामसरन निर्मल पर मुकदमा दर्ज करा कर उनकी गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है लेकिन खबर लिखे जाने तक समाजवादी पार्टी के नेता के दबाव में उनके भाई समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम सरन निर्मल पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार नहीं किया है इलाके में अन्य लोगों के साथ भी ठगी करने का सपा प्रत्याशी पर गम्भीर आरोप है अब सवाल उठता है कि यदि सपा प्रत्यासी चुनाव जीत गए तो कितने लोगों के साथ ठगी करने में कामयाब होंगे इस बात को लेकर नगर पंचायत चरवा के मतदाताओं में आक्रोश व्याप्त है और इसका खामियाजा सपा प्रत्याशी को उठाना पड़ सकता है।

# अब क्या मदीने में रहा जहरा की तुरबत मिट गई

अखंड भारत संदेश

## 1923 से लगातार सऊदी हुकूमत के खिलाफ प्रोटेस्ट


कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**करारी कौशांबी।** दरियापुर मंझियांवा में 1923 से लगातार सऊदी हुकूमत के खिलाफ शिया मुसलमानों द्वारा प्रोटेस्ट कर सऊदी हुकूमत से दोबारा बीबी जहरा सलामुल्लाह अलैहा की कब्र को तामीर कराए जाने की मांग की जा रही है। दरियापुर मांझियांवा में यह प्रोटेस्ट लगभग 100 सालों से लगातार किया जा रहा है। बता दें कि ईद की आठवें दिन यानी 8 शव्वाल को सऊदी हुकूमत ने नबी की बेटी अली की जौजा हसन ,हुसैन की मां की कब्र को सऊदी हुकूमत ने मिस मार कर दिया। बता दें कि 1923 में सऊदी हुकूमत ने नबी की बेटी की कब्र को ढा दिया। सऊदी हुकूमत ने मिशमार कर दिया। उसी क्रम पूरे दुनिया में अलग-अलग कोने से सऊदी हुकूमत के खिलाफ इंकलाबिया प्रोटेस्ट किए जाने लगे उसी क्रम में आज तक सऊदी हुकूमत के खिलाफ दरियापुर मांझियावा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शनिवार को सऊदी हुकूमत के खिलाफ प्रोटेस्ट किया गया। बता दें कि पहली मजलिस स्वर्गी इफ्तिखार हुसैन के मकान में की गई इस मजलिस को हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लिमीन आली जनाब मौलाना शाहिद रजा सोनवी साहब ने खिताब किया वहीं दूसरी मजलिस आली जनाब मौलाना मोहम्मद काज़िम साहब ने पड़ी बीबी जहरा सलामुल्लाह अलैहा का ताबूत बरामद हुआ इमाम बाड़ा के नजदीक एक तकरीर हुज्जतुल इस्लाम मुस्लिमीन आली जनाब मौलाना मोहतशीम हैदर ने संबोधित करते हुए कहा कि सऊदी हुकूमत ने हम पर जुल्म किया है आज 100 साल पूरे हो गए हैं सऊदी हुकूमत ने बीवी जेहरा सलामुल्लाह अलैहा की मजार को मिस मार कर दिया था। इस पर नोहा खान महमूद, मासूम, शहरू, ने मसायबी नौहा बयान किया वही ननौहा खानी करते हुए शमशे हैदार ने पढ़ा अब क्या मदीने में रहा जहरा की तुरबत मिट गई इस नोहा को सुनकर आजादरों के आंखो से आंसू जारी हो गए।

# बारात में जमकर चले लाठी डंडे दर्जनों बाराती घायल

अखंड भारत संदेश

बिना दुल्हन के बारात हुई वापस



**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र में सोमवार की देर रात आई एक बारात में द्वारचार पूजा के दौरान हुए विवाद के बाद जमकर हंगामा हुआ,दुल्हन के घर वालों ने दूल्हे के साथ आए बरातियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। पिटाई से दूल्हे पक्ष के एक दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जिसमे से एक की हालत गम्भीर बताई जा रही है। विवाद के बाद कन्या पक्ष के लोगों ने शादी करने से इनकार कर दिया वही बवाल के बाद बिना दुल्हन के बारात वापस चली गई। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के पथरावा गांव में सोमवार की रात सैनी थाना क्षेत्र से बारात आई हुई थी, बारात आने के बाद रस्मो के द्वारा द्वार चार पूजन शुरू हुआ,इस दौरान किसी बात को लेकर कन्या और वर पक्ष के बीच विवाद हो गया दोनों पक्ष के बीच विवाद इस कदर बढ़ा कि दोनों पक्ष से लाठी-डंडे निकल आए और देखते-देखते दोनों पक्ष के बीच जमकर मारपीट शुरू हो गई मारपीट के दौरान दर्जनों लोग घायल हो गए बिरादरी और रिश्तेदारों के समझाने बुझाने के बाद देर शाम को शादी की रस्म पूरी कर दुल्हन की विदाई कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक सैनी थाना क्षेत्र के अमित पुत्र मोहन लाल की शादी करारी थाना क्षेत्र के पथरावा गांव में पीताम्बर लाल की बेटी पूजा से होनी थी,सोमवार की रात 11 बजे बराती नाचते-गाते पूजा के घर पहुंचे,आरोप है कि बरात में शामिल युवक डांस में और नाचने-गाने की बात को लेकर लड़की पक्ष के लोगों से कहासुनी हो गई और वर-वधू पक्ष के युवक आपस में भिड़ गए बारातियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया विवाद में दूल्हे पक्ष के एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए मामले की सूचना स्थानीय पुलिस के साथ एंबुलेंस को दी गई घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां एक की हालत गंभीर बताई जाती है घटना की सूचना करारी थाना पुलिस को दी गई,पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### शराब के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल चार अभियुक्तो को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 121 लीटर अवैध शराब मय बनाने के उपकरण के बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्को का चालान न्यायालय कर दिया है। थाना सैनी पुलिस बल द्वारा सियम्बर पासी पुत्र महराजदीन निवासी समदापर मजरा शाखा थाना सैनी के कब्जे से 40 लीटर व अशोक सरोज पुत्र कुल्लन निवासी इटैलीपर थाना सैनी से 60 लीटर थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त हनुमान पुत्र रोशन लाल निवासी छोटा लालापुर थाना पिपरी से 11 लीटर तथा थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा अभियुक्त विष्णु पासी पुत्र अशर्फी लाल निवासी कोटिया थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब मय बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### छेकवा में हो रहे अवैध मौरंग खनन सहित 6 बिंदुओं पर लामबंद हुआ भारतीय किसान यूनियन

**कौशांबी।** जनपद के विकासखंड कौशांबी में भारतीय किसान यूनियन ने बैठक का आयोजन कर छेकवा गांव में हो रहे अवैध बालू खनन तथा अन्य पांच बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करअवैध खनन को रोकने के लिए रणनीति तैयार कि है ताथ अवैध खनन में लिप्त खनन माफियाओं तथा सहयोगी सरकारी कर्मियों पर कार्यवाही कराने कि योजना को लेकर कौशांबी विकासखंड में बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष कल्लू प्रजापति द्वारा की गई है बैठक में शामिल दर्जनों भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों ने छेकवा गांव में हो रहे अवैध बालू खनन सहित 5 बिंदुओं पर गंभीर होकर चर्चा की है जिसमें भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों सहित ब्लॉक अध्यक्ष ने हुंकार भरते हुए किसानों के निजी नलकूप के विद्युत बिल को माफ करने तथा पात्र किसानों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ व विधवा वृद्धा विकलांग पेंशन का लाभ तथा प्रयागराज कौशांबी जाने वाले मार्ग का चौड़ीकरण मे किसानों की जाने वाली भूमि का उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है ब्लॉक अध्यक्ष के साथ एक सुर में समस्त भारतीय किसान यूनियन सदस्यों ने ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने की भी चर्चा तथा मांग की है जिस पर उन्होंने बताया कि अगर जिला प्रशासन बालू के अवैध खनन सहित ओवरलोड वाहनों पर रोक नहीं लगाया तो भारतीय किसान यूनियन धरना प्रदर्शन पर बैठकर जिला प्रशासन का घेराव करेगा। जिस अवसर पर मानसिंह छोटेलाल महारानी रामप्रसाद राजरानी पंचम लाल रुक्मिणी देव निशा देवी सहित तमाम किसान यूनियन के सदस्य उपस्थित रहे।

### दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त सहदेव पटेल उर्फ छिद्दा पटेल पुत्र घनश्याम सिंह निवासी अकबरपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त पिन्टू सोनकर पुत्र इन्द्र प्रकाश निवासी सहजादपुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# प्रचार के अंतिम दिन निर्दलीय प्रत्याशी ने नगर पंचायत चरवा में झोंकी ताकत

अखंड भारत संदेश


समर्थकों के साथ चुनाव प्रचार करते निर्दल प्रत्याशी

**कौशांबी।** नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशियों का प्रचार मंगलवार की शाम थम गया प्रचार खत्म होने के पूर्व नगर पंचायत चरवा से निर्दलीय प्रत्याशी जगनारायण ने क्षेत्र में रैली निकालकर मतदाताओं से लड़का लड़की चुनाव निशान पर मतदान करने की अपील की है दलित बिरादरी के बीच गहरी पैठ रखने वाले जग नारायण ने नगर पंचायत चरवा के गली गली में प्रचार कर मतदाताओं से मुलाकात की और उन्हें लड़की लड़का का चुनाव निशान बताते हुए मतदान करने की अपील की। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन जिस तरह से निर्दलीय प्रत्याशी जगनारायण को मतदाताओं ने भरोसा दिलाया है उससे लगता है कि नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष पद के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी जगनारायण की बड़ी लहर है चुनाव प्रचार के अंतिम दिन नगर पंचायत चरवा के गली गली में जगनारायण अपने समर्थकों के साथ घूम कर मतदाताओं को भरोसा दिलाया कि यदि मतदाताओं ने उन्हें नगर पंचायत चरवा का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया तो वह नगर पंचायत चरवा के एक एक गली कोने मजरा का पूर्ण विकास करेंगे।

### कांग्रेस प्रत्याशी को मिल सकता है बाबा की विरासत का लाभ

**कौशाम्बी।** 4 मई को होने वाले नगर निकाय के चुनाव के मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है वैसे चुनाव रोचक दिखाई पड़ रहा है। नगर पंचायत चरवा में भाजपा ने तमाम अपराधों से गिरे दागी नेता को प्रत्याशी घोषित कर चुनाव मैदान में उतारा है जिससे नगर पंचायत चरवा के मतदाता दागी प्रत्याशी से किनारा करते दिखाई पड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रजनीश पांडे को नगर पंचायत चारवा से अध्यक्ष प्रत्याशी घोषित कर अन्य प्रत्याशियों के बीच खलबली मचा दी है। रजनीश पांडे की मतदाताओं के बीच गहरी पकड़ है इसी क्षेत्र से एक बार वह जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीत चुके हैं राजनीतिक इतिहास में उनके बाबा बच्चा लाल पांडे जाने-माने हस्तियों में शामिल थे जब उत्तर प्रदेश सरकार में हेमवती नंदन बहुगुणा मुख्यमंत्री थे तो बच्चा लाल पांडे का उनसे सीधा संबंध हुआ करता था पांच दशक पूर्व ग्राम पंचायत चरवा को बच्चा लाल पांडे ने नगर पंचायत से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई थी विकास के मामले में बच्चा लाल पांडे की मेहरबानी से 5 दशक पूर्व चरवा ग्राम पंचायत में नगर से अधिक विकास योजनाएं संचालित हुई थी गली-गली में सड़कें बनाई गई थी इंटर कॉलेज से लेकर डाकघर महिला अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पशु अस्पताल बैंक शाखा सहकारी समिति आदि की स्थापना बच्चा लाल पांडे की सिफारिश में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा ने की थी जिसका लाभ आम जनमानस को लगातार मिलता आ रहा है। कई बार तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा बच्चा लाल पांडे के चरवा आवास पर भी उनसे मिलने आए थे कांग्रेस ने बच्चा लाल पांडे के पौत्र रजनीश पांडे को नगर पंचायत चरवा से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी घोषित किया है बाबा की विरासत का लाभ रजनीश पांडे को मिल सकता है।

# मजदूरों की खुशहाली के लिए सरकार उठाए समुचित कदम : अजय सोनी

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे एक मई सोमवार को पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में मासिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता पार्टी नेता अजय सोनी ने की। इस अवसर पर पार्टी के जिला स्तरीय तमाम पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में मजदूर दिवस पर मजदूरों को लेकर चर्चा हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने मजदूरों की खुशहाली के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार से समुचित कदम उठाए जाने हेतु विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि देश के नवनिर्माण में मजदूरों का अहम योगदान है। बावजूद इसके देश में आज भी मजदूरों की हालत काफी खराब है। मजदूरों और उनके परिजनों का जीवन स्तर काफी दोयम स्थिति में है। आज देश के करोड़ों मजदूर और श्रमिक परिवार दो जून के भोजन के लिए परेशान है और अपने घर गांव छोड़कर शहरों और कस्बों की ओर पलायन करने को विवश हैं। इसी के साथ अजय सोनी ने केंद्र और प्रदेश सरकार से मजदूरों के जीवन में खुशहाली और विकास लाने के लिए समुचित कदम उठाने की मांग की। इस अवसर पर राजन शुक्ला, फूलचंद्र लोधी, रंजीत सरोज, वीरेंद्र तिवारी, जगतपाल लोधी, जुम्मन अली आदि लोग मौजूद रहे।

## सकिपा प्रत्याशियों ने प्रचार के आखिरी दिन जन जन से की मुलाकात

### चुनाव जीते तो जनहित में ठोस विकास का किया वादा



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नगर पंचायत चुनाव में घर घर जाकर जन जन से मुलाकात करने के अभियान ने लोगों का मन मोह लिया है। प्रचार के अंतिम दिन मंगलवार को पार्टी प्रत्याशियों ने लोगों से चुनाव जिताने की अपील की। साथ ही वादा किया कि अगर नगर पंचायत चुनाव जीतते हैं तो जनहित में ठोस विकास करेंगे। मंगलवार को समर्थ किसान पार्टी के नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा की अध्यक्ष पद की प्रत्याशी शोभा कोरी और नगर पंचायत चरवा से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राजू पासी सहित नगर पंचायत मंझनपुर से सभासद प्रत्याशी उमा देवी ने अपने अपने क्षेत्र के नगर के लोगों से मुलाकात की और चुनाव में भारी मतों से विजय श्री दिलाने की अपील की। साथ ही चुनाव जीतने पर नगर क्षेत्र के विकास और लोगों के कल्याण के लिए ठोस काम करने की भी बात कही। साथ ही ठोस विकास और लोगों के कल्याण के लिए पूरे पांच साल काम करने की बात कही। इस अवसर पर पार्टी के शिवम कुमार, रणजीत सिंह, नीरज सिंह, कुंज बिहारी शर्मा, जय गोपाल यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## अंतर्कलह का खामियाजा भुगत रहे हैं करारी नगर पंचायत भाजपा प्रत्याशी

**करारी कौशाम्बी।** जैसे-जैसे नगर पंचायत के मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे नगर पंचायत करारी से अध्यक्ष पद के भाजपा उम्मीदवार की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं भाजपा में अंतर्कलह खुलकर सामने आ गया है जिसका लाभ अन्य प्रत्याशियों को दिखाई पड़ रहा है। नगर पंचायत चुनाव में होने वाले मतदान 4 मई को करारी नगर पंचायत की जनता अभी से पूरी तरह नकार रही है भाजपा प्रत्याशी की राह में तमाम रोड़े दिखाई पड़ रहे हैं दो बड़े नेताओं के अंतरकलह का खामियाजा भाजपा प्रत्याशी को भुगतना पड़ेगा नगर पंचायत करारी के भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी को जनता ने सबक सिखाने की ठान ली है अगर बागियों ने बगावत की तो चेयरमैन बनने का ख्वाब देख रहे भाजपा प्रत्याशी को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा भाजपा प्रत्याशी को नगर की जनता जानने से इंकार कर रही है भाजपा का वोटर भाजपा प्रत्याशी के साथ नही बल्कि दो बागी नेताओं के पाले में दिखाई पड़ रहा है। ऐसे में यदि भाजपा प्रत्याशी अपने मूल वोटरों को साधने में चूक गया तो हजार का आंकड़ा भी पार करना मुश्किल होगा करारी नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के रूप में भाजपा ने ब्रजेश अग्रहरि को चुनाव मैदान में उतारा है। भाजपा ने जब से प्रत्याशी की घोषणा की है। तबसे भाजपा समर्थको से लेकर नेता और वोटर इस निर्णय का विरोध कर रहे हैं। टिकट बंटवारे को लेकर प्रभारी से लेकर मंडल और जिला कमेटी पर रुपये लेकर टिकट देने का जहां आरोप लगा रहे हैं। तो वहीं भाजपा के पुराने दो नेताओं ने बगावत कर चुनाव मैदान में उतर कर ताल ठोक दी है। इनमें एक ने अपनी पत्नी को एक राष्ट्रीय पार्टी व एक निर्दलीय मैदान में है। अगर करारी की जनता पहचानने से इंकार करेगी तो भाजपा की तो नईया डूबना साफ जाहिर हो रहा है करारी की जनता भाजपा के बागी दो नेताओ के साथ दिखायी दे रही है भाजपा प्रत्याशी की हालत इतनी खराब है कि नगर क्षेत्र में प्रचार के लिए उन्हें भाजपा के नेता समर्थक नहीं मिल रहे हैं भाजपा प्रत्याशी के प्रचार करने के लिए बाहर से लोग बुलाए जा रहे हैं।

## न्यूज झरोखा

### शादी में शामिल होने आए दूल्हे के भाई और दोस्त की गंगा में डूबकर हुई मौत

#### दो लोगों की गंगा नदी में डूब कर मौत की जानकारी मिलने के बाद शादी वाले घर में पसरा मातम



**कौशाम्बी।** जिले में कड़ा धाम थाना क्षेत्र में दोस्त की शादी में शामिल होने आए दिल्ली के युवक और दूल्हे के चचेरे भाई की गंगा में डूबकर मौत हो गई,दो युवकों की मौत से हड़कंप मचा हुआ है,सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो युवकों के शव को गोताखोरों की मदद से गंगा से बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच में जुट गई है। घटना कड़ा धाम थाना क्षेत्र के लेहदरी गंगा घाट की है जहा दिल्ली से अपने दोस्त अंबाई बुजुर्ग के रहने वाले मुकेश की शादी में आया साहिल पठान पुत्र रियाज दूल्हा मुकेश के चचेरे भाई राम करन साहू पुत्र बब्बन साहू के साथ गंगा नहाने चला गया जहा अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया वही साहिल को बचाने के दौरान राम करन भी गहरे पानी में चला गया।गहरे पानी में डूबने की सूचना पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कड़ा धाम थाना पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनो के शव को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।वही दो युवकों की मौत से शादी वाले घर पर मातम पसर गया है।

### चुनाव आचार संहिता के नियमों और शर्तों का अनुपालन करने के लिए किया गया जागरूक



**कौशाम्बी।** नगर निकाय चुनाव-2023 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक व आईटीबीपी फोर्स द्वारा थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल के साथ चुनाव को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराने हेतु नगर पंचायत पश्चिम शरीरा में फूट मार्च किया गया तथा फूटमार्च के दौरान नगर वासियों को चुनाव आचार संहिता के नियमों और शर्तों का अनुपालन करने के लिए जागरूक किया गया और बिना किसी भय और प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अभिप्रेरित किया गया और दुकानदारों से सड़क पर अतिक्रमण न करने के संबंध में वार्ता की गई। भ्रमण के दौरान मतदान केंद्रों जिला पंचायत इंटर कॉलेज पश्चिम शरीरा, अपर प्राइमरी स्कूल क्लास 1-8 पश्चिम शरीरा व पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज पूरव शरीरा का भौतिक निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं को चेक किया गया एवं संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### 06 किलोग्राम नाजायज गांजा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार




**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त सन्दीप पाल पुत्र मेंदी पाल निवासी कोटिया थाना सराय अकिल को कुण्डारी बाबा होटल के पास से 800 ग्राम नाजायज गांजा व कल्लू उर्फ बृजेश कुमार पुत्र सन्तलाल रैदास निवासी समसपुर थाना चरवा को कोटिया पावर हाउस के पास से 05 किलो 200 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

जन संपादकीय

# सत्य की प्रासंगिकता निरंतर मजबूत होती है


**यह तो** सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि 'सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का 'सांच को आंच नहीं' जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित "सत्यमेव जयते" आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है।

यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे।

आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म ,अध्यात्म ,अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण ,ज्ञान विज्ञान ,जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निदेशों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं। धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति,संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं अपितु उन्हें लगभग खरीदने की ताकत रखने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद सत्य के मूल्य को और उसकी सार्वभौमिकता को दबाना या शांत करना या उसके दमन के लिए उसे विवश करना लगभग असंभव है। वैश्विक स्तर पर कुछ अमीर देश और मुट्ठी भर धनाढ्य व्यक्ति इस बात को मान्यता देते हैं कि जब ,धन बोलता है तो सत्यम मौन रहता है, पर सार्वजनिक रूप से ऐसा मानना तार्किक स्तर पर जरूर ठीक लगता हो पर दार्शनिक अथवा सांस्कृतिक एवं धार्मिक रूप से यह पूर्ण रूप से असत्य भी है। पारिवारिक सामाजिक स्तर पर भी देखें तो समाज के नैतिक मूल्यों में आई गिरावट के परिणाम स्वरूप सामाजिक प्रतिष्ठा उसी को प्राप्त होती है जिसके पास पर्याप्त तथा अकूत धन हो। धनवान व्यक्ति की विचारधारा उसकी मान्यताओं को समाज महत्व देता है एवं उसे प्रेरणा का स्त्रोत माना जाता है। निर्धन व्यक्ति कितना भी विद्वान ऊजार्वान हो उसकी बातें सत्य पूर्ण सत्य तथा उदास बातें भी समाज में कई उदाहरणों में महत्वहीन हो जाती है। धन तथा बाहुबल के महत्व के अनेक उदाहरण राजनीतिक स्तर पर प्रतिदिन हमारे सामने आने लगे हैं। राजनीतिक जीवन में धन के बल पर किए जाने वाले भ्रष्टाचार, चुनाव में धांधली, मतदाताओं की खरीद-फरोख्त, पार्टियों पर अनुचित प्रभाव मीडिया चैनल न्यूज प्रिंट मीडिया आदि की खरीदारी सत्य के मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह लगा देते हैं। आज धन व सत्ता का अनुचित प्रयोग सत्य का दमन तथा उसे नकारने की शक्ति बन चुका है। कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सर्वे के अनुसार उसके सूचकांक में भारत का निम्न स्थान धन के बल पर सत्ता प्रतिष्ठानों को प्रभावित करने बढ़ती घूसखोरी, सरकारी गैर सरकारी, कारपोरेट जगत के बढ़ते नैतिक पतन को उजागर करता है। विधायिका, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका सभी स्तरों पर सत्य के मूल्य के दमन की घटनाओं से आज अखबार अटा पड़ा है। आज की स्थिति में निचले स्तर से उच्च स्तर की अदालतों तक न्याय पाने के लिए महंगे वकील करने के लिए धन की अत्यंत आवश्यकता होती है, न्याय भी अब धन पर आधारित हो गया है। न्याय पाना अब गरीबों का हक नहीं रह गया है,यह केवल अमीर लोगों की मुट्ठी में बंद होकर रह गया है।

# नये भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को बल मिले

**ललित गर्ग**



**विश्व प्रेस** स्वतंत्रता दिवस की 3 मई, 2023 को 30वीं वर्षगांठ है। 1993 में इसकी घोषणा किए हुए तीन दशक बीत चुके हैं, जिसमें हमने दुनिया भर में स्वतंत्र प्रेस और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राप्त करने की दिशा में पर्याप्त प्रगति देखी है। कई देशों में स्वतंत्र मीडिया के प्रसार और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के उदय ने सूचना के मुक्त प्रवाह को सक्षम बनाया है। हालाँकि, मीडिया की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर लगातार हमले हो रहे हैं, जो अन्य मानवाधिकारों की पूर्ति को प्रभावित करता है। अनेक देशों में प्रेस की स्वतंत्रता पर सख्त पहरे भी लगे हैं। इन महत्वपूर्ण स्थितियों और खतरों का मुकाबला करने के लिए ही प्रेस की स्वतंत्रता, पत्रकारों की सुरक्षा और सूचनाओं तक पहुंच को केंद्र में रख कर विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। प्रेस की आजादी से यह बात साबित होती है कि किसी भी देश में अभिव्यक्ति की कितनी स्वतंत्रता है। विश्व समुदाय कई संकटों का सामना कर रहा है- संघर्ष और हिंसा, आतंक एवं अलगाव, युद्ध एवं राजनीतिक वर्चस्व, गरीबी एवं बेरोजगारी, लगातार सामाजिक-आर्थिक असमानताएँ, पर्यावरणीय संकट और दुनिया भर के लोगों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए चुनौतियाँ आदि जटिलतर स्थितियों के बीच प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोकतंत्र, कानून के शासन और मानवाधिकारों को आधार देने वाली संस्थाओं पर गंभीर प्रभाव के साथ ऑनलाइन और ऑफलाइन गलत सूचना और गलत सूचना का प्रसार ने स्वतंत्र प्रेस एवं मीडिया पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस प्रेस की स्वतंत्रता के मौलिक सिद्धांतों का जश्न मनाने के साथ-साथ दुनिया भर में प्रेस की आजादी का मूल्यांकन करने का अवसर है। यह दिवस मीडिया की आजादी पर हमलों से मीडिया की रक्षा करने तथा मरने वाले पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य करता है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में प्रेस की स्वतंत्रता एक मौलिक जरूरत है। आज हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जहाँ अपनी दुनिया से बाहर निकल कर आसपास घटित होने वाली घटनाओं के बारे में जानने का अधिक वक्त हमारे पास नहीं होता। ऐसे में प्रेस और मीडिया हमारे लिए एक खबर वाहक का काम करती हैं, जो हर सवेरे हमारी टेबल पर गरमा गर्म खबरें परोसती हैं। प्रेस केवल खबरे पहुंचाने का ही माध्यम नहीं है बल्कि यह नये युग के निर्माण और जन चेतना के उद्बोधन एवं शासन-प्रशासन के प्रति जागरूक करने का भी सशक्त माध्यम है। प्रेस देश एवं दुनिया की राजनीति और उसके लिए आवश्यक सदाचार का माध्यम रही है। हिंसा, विपत्तियां और भ्रष्टाचार को लेकर भी अनेक पक्ष उसने समय-समय पर प्रस्तुत किये हैं। ह्वआज हर हाथ में पत्थर है। आज समाज में नायक कम खलनायक ज्यादा हैं। प्रसिद्ध शायर नजमी ने कहा है कि अपनी खिड़कियों के कांच न बदलो नजमी, अभी लोगों ने अपने हाथों से पत्थर नहीं फेंके हैं।ह्ल प्रेस ने समय-समय पर ऐसी स्थितियों के प्रति सावधान किया गया है, ह्वडर पत्थर से नहीं, डर उस हाथ से है जिसने पत्थर पकड़ रखा है।ह्ल महावीर, बुद्ध एवं गांधी का उदाहरण देते हुए बहुत सफाई के साथ प्रेस ने समाज को सजग किया है। प्रेस की आजादी का मुख्य रूप से यही मतलब है कि शासन की तरफ से इसमें कोई दखलंदाजी न हो, लेकिन संवैधानिक तौर पर और अन्य कानूनी प्रावधानों के जरिए भी प्रेस की आजादी की रक्षा जरूरी है। यह दिवस प्रेस के सम्मुख उपस्थित विभिन्न झंझावातों एवं संकटों के बीच अपने प्रयासों के दीप जलाये रखने का आह्वान हैं। आज समाज एवं राष्ट्र एक बहुत बड़ा वर्ग पिछड़ा, अशिक्षित और अनभिज्ञ है, इसलिये यह और भी जरूरी है कि आधुनिक विचार उन तक पहुंचाए जाएं और उनका पिछड़ापन दूर किया जाए, ताकि वे सजग भारत का हिस्सा बन सकें। न केवल भारत में बल्कि दुनिया में प्रेस की स्वतंत्रता को लहूलुहान और जंजीरों में जकड़ने की कोशिशें हो रही हैं। इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में कैसे भरेगी कलम उड़ान! यही विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर यह एक चिन्तनीय विषय है।

भारत में पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है। अकबर इलाहाबादी ने इसकी ताकत एवं महत्व को इन शब्दों में अभिव्यक्ति दी है कि ह्वन खींचो कमान, न तलवार निकालो, जब तोप हो मुकाबिल तब अखबार निकालो।ह्ल उन्होंने इन पंक्तियों के जरिए प्रेस को तोप और तलवार से भी शक्तिशाली बता कर इनके इस्तेमाल की बात कह गए हैं। अर्थात कलम को हथियार से भी ताकतवर बताया गया है। पर खबरनवीसों की कलम को तोड़ने, उन्हें कमजोर करने एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निस्तेज करने के लिए बुरी एवं स्वार्थी ताकतें तलवार और तोप का इस्तेमाल कर रही हैं। पिछले दिनों बांग्लादेश में ब्लॉगर्स और बुद्धिजीवियों की हत्या की जो घटनाएं सामने आई हैं, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वहां पत्रकार कितने सुरक्षित हैं। यह कहानी सिर्फ बांग्लादेश की नहीं, कमोबेश संपूर्ण विश्व की है, जहां कलम के सिपाही जान जोखिम में डालकर लगातार अपना काम कर रहे हैं। हमारे देश में पंजाब एवं कश्मीर में इसी तरह पत्रकारों को अपना बलिदान देना पड़ा है। हिंसा और आतंकवाद से उबरने का रास्ता न तो हिंसक तरीके हैं और न जेल की सलाखें। विकृत मानसिक चरित्र के लिए ये सारे उपादान व्यर्थ हैं। उन्हें रास्ते पर लाकर मनुष्यता की धर्मरेखा को समझाने के लिए एक लक्ष्मण रेखा जरूर खींचनी होगी। यह कार्य प्रेस एवं पत्रकार ही कर सकते हैं। पुरानी कहावत गलत नहीं है कि तलवार से कलम में अधिक शक्ति होती है।

तलवार से भी धारदार कलम इतनी प्रभावी है कि इसकी वजह से बड़े-बड़े राजनेता, उद्योगपतियों और सितारों को अर्श से फर्श पर आना पड़ा।

इसी कलम की धार ने 70 के दशक में अमेरिका के मशहूर वाटरगेट कांड का फंडाफोड़ कर राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन को व्हाइट हाउस से बाहर का रास्ता दिखाया था। इस तरह मशहूर पत्रकार एन. राम और चित्रा सुब्रमण्यम की पत्रकारिता ने जब बोफोर्स तोपों की आड़ में हुए घोटाले को जनता के समक्ष पेश किया तो भारतीय राजनीति में हंगामा मच गया। इसीलिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा भी है कि ह्वविश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस एक आजाद एवं जीवंत प्रेस के प्रति हमारे अविश्वसनीय समर्थन को दोहराने का दिन है जो लोकतंत्र के लिए बेहद जरूरी है। आजकल के दौर में सोशल मीडिया संपर्क के एक सक्रिय माध्यम के रूप में उभरी है और इससे प्रेस की आजादी को और बल मिला है।ह्ल

यह दिवस पत्रकारों के लिये भी आत्म-मंथन का दिवस है। आज हमारा मीडिया अपना दायित्व ठीक तरीके से नहीं निभा रहा है। इलेक्ट्रोनिक मीडिया टी आर पी बढ़ाने के लिये खबरों में तड़का लगाने से परहेज नहीं करता। प्रेस के जिन माध्यमों से नैतिकता मुखर हो रही है, वे बहुत सीमित हैं या दायित्वविमुख हैं। प्रभावक्षीण तथा चेतना पैदा करने में काफी असमर्थ हैं। हम देख रहे हैं कि माध्यमों की अभिव्यक्ति एवं भाषा में एक हल्कापन आया है। ऐसे में एक गम्भीर पत्रकारिता के साथ आगे आना ही एक साहस है। हम यह भी महसूस कर रहे हैं कि प्रकाशन एवं प्रसारण के क्षेत्र में ताकतवर संस्थान युग की नैतिक विचारधारा को किस तरह धूमिल कर रहे हैं। जबकि समय यह मानता है कि जब-जब नैतिक क्षरण हो, तब-तब प्रेस, पत्रकारिता एवं अभिव्यक्ति का माध्यम और ज्यादा ताकतवर व ईमानदार हो। प्रेस की आजादी को छीनना भी देश की आजादी को छीनने की तरह ही होता है। चीन, जापान, जर्मनी, पाकिस्तान जैसे देशों में प्रेस को पूर्णतः आजादी नहीं है। यहां की प्रेस पर सरकार का सीधा नियंत्रण है। इस लिहाज से हमारा भारत उनसे ठीक है। आज मीडिया के किसी भी अंग की बात कर लीजिये, हर जगह दाव-पेंच का असर है। खबर से ज्यादा आज खबर देने वाले का महत्त्व हो चला है। लेख से ज्यादा लेख लिखने वाले का महत्त्व हो गया है। पक्षपात होना मीडिया में भी कोई बड़ी बात नहीं है, जो लोग मीडिया से जुड़ते हैं, अधिकांश का उद्देश्य जन जागरूकता फैलाना न होकर अपनी धाक जमाना ही अधिक होता हैं।

# राजस्व कलेक्शन से अर्थव्यवस्था की समृद्धि

**किशन भावनानी**




**वैश्विक** स्तरपर आज भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ते ग्राफ और समृद्धि की ओर दुनियां भौचका होकर देख रही है। जिस रफ़्तार के साथ ब्रिटेन को पीछे कर पांचवें नंबर पर और अब जर्मनी को पीछे कर चौथे नंबर पर आने को आतुर है तो वह दिन दूर नहीं जब हम विश्व की नंबर वन अर्थव्यवस्था होंगे, जिसके संकेत हमें आज दिनांक 1 मई 2023 को जारी वित्त मंत्रालय की जानकारी से कंफर्म हो गई है, जिसका अप्रैल 2023 का जीएसटी कलेक्शन 2017 से एक्ट लागू होने से लेकर अब तक का सबसे सर्वाधिक मासिक कलेक्शन 1.87 लाख करोड़ रुपए आया है, जो कुशल नेतृत्व नीतियों रणनीतियों करदाताओं के सहयोग सहभागिता का नतीजा है जिसमेंशासन-प्रशासन में भी राष्ट्रवाद का संचार उम्र पड़ा है इस सर्वाधिककलेक्शन पर माननीय पीएम ने भी ट्वीट कर खुशी का इजहार किया है, परंतु हमें यहीं तक नहीं रुकना है बल्कि हर नागरिक अधिकारियों शासन प्रशासन को कर्तव्य परायणता को और अधिक धार देनी होगी ताकि हम न केवल 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का देश बनें बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में नंबर वन की रैंक पर आएं, तभी हमारी लक्ष्यों की पूर्ति होगी और सपनें साकार होंगे। चूंकि हमने अप्रैल 2023 में जीएसटी राजस्व का सर्वाधिक कलेक्शन कर पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़े हैं, इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे राजस्व कलेक्शन का स्वर्णिम माह अप्रैल 2023 पर हमें गर्व है। साथियों बात अगर हम पिछले सालों के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त करने की करें तो, जुलाई, 2017 में जीएसटी प्रणाली लागू होने के बाद से सर्वाधिक कर संग्रह का पिछला रिकॉर्ड 1.68 लाख करोड़ रुपये था जो पिछले साल अप्रैल में बना था। माल एवं सेवा कर संग्रह को लेकर सरकार ने एक नया रिकॉर्ड हासिल किया है। अप्रैल 2023 में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 1.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। जीएसटी कलेक्शन के अप्रैल 2023 में सारे रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए हैं। सरकार ने मात्र एक महीने में 1.87 लाख करोड़ रुपये की कमाई की है। पहली बार सकल जीएसटी संग्रह 1.75 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। मार्च 2023 के महीने में सृजित कुल ई-वे बिलों की संख्या 9.0 करोड़ थी, जो फरवरी 2023 के महीने में सृजित 8.1 करोड़ ई-वे बिलों की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। सरकार के लिए भरपूर कमाई वाला महीना रहा। इस बात की गवाही जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े दे रहे हैं। देखा जाए तो इस साल अप्रैल में सरकार का जीएसटी कलेक्शन पिछले साल के मुकाबले 19,495 करोड़ रुपये अधिक रहा है। वित्त मंत्रालय ने जानकारी दी कि अप्रैल महीने की 20 तारीख को एक ही दिन में 68,228 करोड़ रुपये का जीएसटी कलेक्ट हुआ, ये किसी एक दिन में जीएसटी कलेक्शन का सबसे बड़ा नंबर है। उस दिन 9.8 लाख ट्रांजेक्शन की बदौलत ये रिकॉर्ड बन सका है। अप्रैल 2023 में जीएसटी कलेक्शन पिछले साल के कलेक्शन के मुकाबले 12 प्रतिशत अधिक रहा है, कुल 1,87,035करोड़ रुपये के जीएसटी कलेक्शन में केंद्र सरकार का कलेक्शन यानी सीजीएसटी 38,440 करोड़ रुपये रहा है। इसके बाद राज्यों का जीएसटी कलेक्शन यानी एसजीएसटी 47,412 करोड़ रुपये रहा है। जबकि इंटीग्रेटेट जीएसटी यानी आईजीएसटी का कलेक्शन 12,025 करोड़ रुपये रहा है। इसमें आयात शुल्क से हासिल हुआ 901 करोड़ रुपये भी शामिल है। देश में सबसे ज्यादा जीएसटी कलेक्शन महाराष्ट्र में हुआ है। अप्रैल 2023 में ये 33,196 करोड़ रुपये रहा है। जबकि 14,593 करोड़ रुपये के साथ कर्नाटक दूसरे नंबर और 11,721 करोड़ रुपये के साथ गुजरात तीसरे स्थान पर रहा है। पीएम ने अप्रैल 2023 के लिए जीएसटी राजस्व की वसूली का अब तक का सर्वाधिक 1.87 लाख करोड़ रुपये होना,भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ी खबर है। वित्त मंत्रालय के ट्वीट का जवाब देते हुए पीएम ने एक ट्वीट में कहा,भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर! कम कर दरों के बावजूद कर की वसूली में वृद्धि होना, उस सफलता को दशार्ता है कि कैसे जीएसटी ने समन्वय और अनुपालन में वृद्धि की है। साथियों बात अगर हम 2024 तक 5ट्रिलियन डॉलरअर्थव्यवस्था बनने की करें तो, केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण के दौरान देश को साल 2024 तक फाइव ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी यानी 5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की बात कही थी। हालांकि बजट के पहले भी पीएम ने अपने कई कार्यक्रमों के दौरान इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करने की बात कह चुके थे। बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री का तर्क था कि भारत ने आजादी के बाद आर्थिक क्षेत्र में तीव्र वृद्धि नहीं की। इसका नतीजा यह रहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचने में 55 सालों का समय लग गया, जबकि इसी दौरान चीन की अर्थव्यवस्था बड़ीतेजी से आगे बढ़ी।ऐसे में, आर्थिक क्षमता सीमित होने केचलते अक्सर देश के तमाम क्षेत्रों मसलन रेलवे, सामाजिक क्षेत्र, रक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर में जरूरी संसाधन उपलब्ध नहीं हो पाए।सरकार का मानना है कि अर्थव्यवस्था के आकार में वृद्धि करके संसाधनों की कमी को दूर किया जा सकता है। साथियों बात अगर हम इस तरह वर्तमान में हमें मिल रहीचुनौतियों की करें तो, सरकार के इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य के संबंध में कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि 5 ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये भारत को जीडीपी के लगभग 8 फीसद की वृद्धि दर की जरूरत होगी। मौजूदा वक्त में कई अर्थशास्त्री भारतीय अर्थव्यवस्था की गति धीमी होने की बात कर रहे हैं, साथ ही ऐसे हालत में उच्च आर्थिक वृद्धि दर को प्राप्त करने को एक कठिन चुनौती भी मानते हैं। वैश्विक हालातः अमेरिका-चीन के ट्रेड वॉर के चलते निर्यात आधारित विकास कमजोर होने के संकेत हैं।

# सीवरेज की साफ-सफाई में जागरूकता बहुत जरूरी

**हाल ही में** पंजाब के लुधियाना जिले में तीस अप्रैल 2023 रविवार को एक दर्दनाक हादसे में घनी आबादी वाले ग्यासपुरा इलाके में जहरीली गैस लीक होने के कारण 11 लोगों की मौत हो गई और कई लोग बीमार पड़ गए। बहुत ही दुखद है कि घटना में 11 लोगों की मौत हो गई। जहरीली गैस से मौतों का यह पहला मामला नहीं है, देश में अनेक स्थानों पर जहरीली गैस के लीकेज से मौतों के समाचार आए दिन अखबारों की सुर्खियों में हम पढ़ते रहते हैं। 02 और 03 दिसंबर 1984 की रात भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड कंपनी का वह हादसा किसको याद नहीं है जब,, लगभग 45 टन खतरनाक गैस मिथाइल आइसोसाइनेट एक कीटनाशक संयंत्र से लीक हो गई थी और गैस संयंत्र के आसपास घनी आबादी वाले इलाकों में फैल गई थी, जिससे हजारों लोगों की तुरंत ही मौत हो गई थी। जानकारी मिलती है कि इस हादसे में मरने वालों की गिनती 16,000 से भी अधिक थी, जो कि एक बहुत बड़ी संख्या है और यह हादसा इतिहास में दर्ज है। जब कभी भी गैस हादसों की बात होती है तो भोपाल गैस हादसे की बात जरूर होती है, क्यों कि इस हादसे में बहुत ज्यादा लोगों की जिंदगी चली गई थी। दूसरे शब्दों में कहें तो 1984 की भोपाल गैस त्रासदी को देश की सबसे भीषण औद्योगिक दुर्घटना माना जाता है।इस गैस त्रासदी में पांच लाख से भी ज्यादा लोग प्रभावित हुए थे। केमिकल फैक्ट्री से हुए जहरीली गैस के खतरनाक रिसाव से रात को सो रहे हजारों लोग हमेशा हमेशा के लिए मौत की नींद सो गए थे। यहाँ तक कि इस त्रासदी का असर आने वाली पीढ़ियों तक ने भुगता मगर सबसे दुखद बात ये है कि हादसे के जिम्मेदारों को कभी सजा नहीं हुई। जानकारी देना चाहूंगा कि भोपाल में यूसीआईएल के कारखाने का निर्माण वर्ष 1969 में हुआ था, जहां ह्वमिथाइल आइसोसाइनाइटह्ल (मिक) नामक पदार्थ से कीटनाशक बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। वर्ष 1979 में मिथाइल आइसोसाइनाइट के उत्पादन के लिए एक नया कारखाना खोला गया लेकिन भोपाल गैस त्रासदी की घटना के समय तक उस कारखाने में सुरक्षा उपकरण ठीक हालात में नहीं थे और वहां सुरक्षा के अन्य मानकों का पालन भी ठीक तरह से नहीं किया जा रहा था। कारखाने के टैंक संख्या 610 में निर्धारित मात्रा से ज्यादा एमआईसी गैस भरी हुई थी और गैस का तापमान निर्धारित 4.5 डिग्री के स्थान पर 20 डिग्री था। पाइप की सफाई करने वाले हवा के वेंट ने काम करना बंद कर दिया था।

इसके अलावा बिजली का बिल बचाने के लिए मिक को कूलिंग स्तर पर रखने के लिए बनाया गया फ्रीजिंग प्लांट भी बंद कर दिया गया था। कुल मिलाकर, बाद में जांच में यह बात सामने आई थी कि कम कर्मचारियों वाले संयंत्र में घटिया संचालन और सुरक्षा प्रक्रियाओं की कमी के कारण यह हादसा हुआ।सच तो यह है कि इस त्रासदी के पीड़ितों के जख्म आज भी हरे हैं। यह हादसा पत्थर दिल इंसान को भी विचलित कर देने वाला था।बहरहाल, यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में 3 जून को एक लैबोरेटरी में गैस लीक होने के बाद 178 महिला कर्मी बीमार पड़ गई थीं। यह गैस रिसाव पोरस लैबोरेटरी में हुआ था। जहरीली गैस सूंघने के कारण महिला कर्मी बीमार पड़ी थीं। आठ जून 2022 को मध्यप्रदेश के बालाघाट में गैस रिसाव के चलते 5 लोगों ने जान गंवाई थी।आंध्र प्रदेश के अनकापल्ले में पिछले साल 3 अगस्त को एक कपड़ा फैक्ट्री में गैस रिसाव हुआ था। इसमें कम से कम 121 महिला कर्मी बीमार पड़ गई थीं। हालांकि, इसमें जान-माल की हानि नहीं हुई थी।ओडिशा के बालासोर जिले में 28 सितंबर 2022 को एक प्रॉन प्रोसेसिंग प्लांट में अमोनिया गैस लीक हुई थी।

# अलग अलग सुर

**डॉ. सुरेश कुमार**

**झींगा** जाल में फँसे पड़ी थे। जाल बड़ा मजबूत था। मछुआरा तेजी से जाल खींच रहा था। कुल मिलाकर बचने की कोई उम्मीद नहीं थी।

जाल में फँसा एक छोटा सा झींगा ऊऊऊऊ...करता रोता हुए कहने लगा,'मेरी फूटी किस्मत! मैं तो पानी की दुनिया में अभी-अभी तो आया था! इस दुनिया का मजा ले भी न सका! ऐसा जीवन भी कोई जीवन है' छुटका झींगा की रुँआई पर जाल में फँसे दूसरे झींगे हँस पड़े। उनमें से एक पिता किस्म का झींगा उसके पास सरक कर बोला, 'छोटके! जिनका जन्म ही फँसने और मरने के लिए हुआ हो, उन्हें इस तरह की बातें नहीं करनी चाहिए। ह्वझींगा जाल में फँसता हैह्ल कथनी जैसे वाक्यों का अंत ह्वभूख मिटाना उसकी गाथा हैह्ल करनी से होता है। जमीन पर उसका काम हमारी दुनिया में फँसने और मरने के लिए कोई छोटा या बड़ा नहीं होता! सब की बारी आती है। कोई पहले तो कोई बाद में!' 'यह जाल तो बड़ा जकड़ता जा रहा है। मुए मछुआरे को इतनी भी अक्ल नहीं कि जाल में फँसी झींगे थोड़े न कहीं जायेंगे। जाने को होतीं तो इस जाल में थोड़े न फँसते!' तेजी से साँस लेते मोटके झींगे ने कहा।

'अरे तुम भी न! इतना नकारात्मक मत सोचा करो! उसने हमें मारने के लिए नहीं फँसाया है!' टाइगर टाइप झींगे ने कहा। 'मतलब' झींगों में दद्दा किस्म के एक झींगे ने आँखें फाड़ते हुए पूछा। 'तुम लोग इतना भी नहीं समझते! जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे-वैसे तालाब सूखता जा रहा है। ऐसे में हमारा यहाँ रहना खतरे से खाली नहीं है। मछुआरा जाल न भी डालता तो हम किसी न किसी के हत्थे चढ़ ही जाते! वह तो भला हो मैंने उसकी बात सुन ली। वह तो हमें पकड़कर शोधालय में बने छोटे से तालाब में पुनर्वास करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहा है। टाइगर झींगे ने आँखें मटकाते हुए कहा। 'लगता है तुम्हारी अक्ल को दीमक लग गया है! जिनका काम भूख मिटाना हो वह भला शोधालय क्यों ले जायेंगे! कई बार ऐसे जालों में फँसने से बच चुके एक बूढ़े झींगे ने कहा।

इस बीच मछुआरा जाल को और तेजी से खींचने लगा। 'पुनर्वास जैसा कुछ नहीं होता। यह तो एक छलावा है। इस सरकारी तालाब पर किसी भूमाफिया की नजर इनायत हो गईं हैं! इससे पहले कि वह इस जमीन पर बड़े-बड़े भवन बना दे, मछुआरा मौके का लाभ उठाना चाहता है। जिसका परिणाम आज हम सब भोग रहे हैं।' एक अड़ियल से झींगे ने तुनकमिजाजी रवैये में कहा।

# 100वें मोदी के मन की बात में शामिल हुए हजारों लोग

## ऐतिहासिक मन की बात को सबने सुना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में भाजपा ने 850 बूथों पर मन की बात कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों, चिकित्सकों, रक्तदाता दम्पति, शिक्षक, व्यापारी, अधिवक्ता, पूर्व सैनिक और युवाओं ने ज्यादा से ज्यादा तादाद में सहभागिता की। रविवार को मन की बात में अलग-अलग स्थानों पर बतौर मुख्य अतिथि/प्रदेश उपाध्यक्ष/जिला प्रभारी देवेश कोरी, सांसद आरके सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश खरे, चेयरमैन प्रत्याशी नरेन्द्र गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिला संयोजक मन की बात आलोक पाण्डेय ने जिले की चारो नगरीय निकाय के सभी वार्डों में खासतौर से मन की बात कार्यक्रम आयोजित किया। इस ऐतिहासिक आयोजन में सबकी सहभागिता रही। मन की बात में प्रधानमंत्री के प्रेरणास्पद विचार को सभी स्थानों पर मौजूद लोगों ने सुना। इस आयोजन के प्रत्यक्ष साक्षी बने। मन की बात के बाद सभी स्थानों पर परिचर्चा हुई। देवेश कोरी ने चितरा गोकुलपुर में कहा कि विचारो से ही परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू होती है। मोदी जी के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गो को विकास के अवसर मिले हैं। सांसद आरके सिंह पटेल ने भैरोपागा में विशिष्टजनो से कहा कि मोदी जी मन की बात में समाज में परिवर्तन लाने वाले लोगो का उल्लेख करते हैं। बांदा के जखनी गांव के उमाशंकर पाण्डेय को पद्मश्री से सम्मानित किया। मन की बात के प्रेरणास्पद विचार सबको नवीन ऊर्जा देते हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत का वैश्विक पटल पर मान बढ रहा है। सभी मोदी के हाथों को मजबूत रखने को अपना समर्थन और मत मोदी के साथ बनाए रखें।

चन्द्र प्रकाश खरे ने रामलीला भवन में कहा कि मन की बात में जनसहभागिता से विचारों का प्रवाह समाज में तेजी से होगा। अशोक जाटव ने कहा कि सभी एकजुट होकर एक संगठनात्मक शक्ति बने। आलोक पाण्डेय ने कहा कि लोकतंत्र में जनसंवाद की संवेदी पहल मन की बात के 100वें एपिसोड की हर वर्ग को प्रतीक्षा थी। पहले अंक से इस शतकीय पड़ाव तक का सफर मोदीजी के साथ जनता का भी रहा है। ये सबके साथ की बात है, सबके विकास की बात है, सबके विश्वास की बात है, सबके प्रयास की बात है ये मन की बात है।भैरोपागा में सांसद आरके सिंह पटेल की अगुवाई में आयोजित मन की बात में खासतौर पर रक्तदाता दम्पति ज्ञान निषाद और श्रीमती अनीता निषाद, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित मईयादीन पटेल, वरिष्ठ चिकित्सक सुरेन्द्र अग्रवाल, व्यापारी विवेक अग्रवाल, ओम केशरवानी, सुनील द्विवेदी, देव त्रिपाठी, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, सुनील पटेल, शिवाकांत पाण्डेय, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, कुणाल प्रताप सिंह, अखिलेश रैकवार, राघव अग्रवाल, भागवत त्रिपाठी, लक्ष्मण सिंह, विनीता द्विवेदी, आदित्य सुखेन्द्र, हरिओम करवरिया, आनंद त्रिपाठी, रामरतन प्रजापति के साथ जनशक्ति सहभागी हुई।

## जेवरात और पुत्री को लेकर महिला हुई गायब, पति ने लिखाई गुमशुदगी

**जालौन। कोतवाली** क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे से जेबरात और पुत्री को लेकर महिला गायब हो गयी। पीड़ित पति की शिकायत पर पुलिस ने महिला की गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। 6 दिन से गायब पत्नी व पुत्री की तलाश में परिवार लगा हुआ। मां बेटी के गायब होने से परिवार परेशान हैं।

कोतवाली क्षेत्र अकोढ़ी दुबे महेन्द्र सिंह के यहां खेत में फसल की कटाई का काम चल रहा था। पूरा परिवार खेत में कटाई कर रहा था। उनकी पत्नी रागिनी तथा 7 वर्षीय पुत्री एकता घर में थी। परिवार के लोग महिला से घर काम निपटा कर खेत में आने की बात कह कर चले गये थे। घर में अकेली मां बेटी मौका पाकर घर में रखे लगभग सवा लाख रुपए के जेवरात लेकर 25 अप्रैल की सुबह घर के मुख्य दरवाजे की कुंडी लगाकर गायब हो गयी।

जब वह दोपहर तक खेत पर नहीं पहुंची तो उसे फोन किया तो फोन नहीं उठा।घर आने पर पता चला कि 7 वर्षीय एकता व 28 वर्षीय रागिनी गायब हो गयी। इसके साथ ही घर में रखे सोने चांदी के आभूषण गायब थे। पीड़ित परिवार ने गायब मां बेटी की काफी खोजबीन की किन्तु दोनों का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित पति की शिकायत पर पुलिस मां बेटी की गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## निर्वाचन प्रक्रिया के सम्बंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बुलंदशहर। सोम**वार को नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल, शान्तिपूर्वक एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराये जाने के लिए डीपीएस स्कूल के सभागार में समस्त आरओ, एआरओ, समस्त जोनल मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट की निर्वाचन प्रक्रिया के सम्बंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर के द्वारा मतदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इसके साथ ही मतपेटी को खोलने, सील लगाए जाने एवं मतदान प्रारम्भ कराने, मतदान समाप्ति के उपरांत आवश्यक प्रपत्र को भरने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने प्रतिभाग करते हुए दिए जा रहे प्रशिक्षण को देखा। इस मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आरओ, एआरओ, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट से मतदान को सकुशल, पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने के लिए दिए जा रहे प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान को पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के लिए विस्तृत जानकारी होना बहत जरूरी है इसलिए सभी मतदान प्रक्रिया के बारे में सभी आवश्यक जानकारी से अवगत रहे। मतदान के लिए समय से पोलिंग पार्टी को रवाना कराया जाए। सभी जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट फील्ड में भृमणशील रहकर मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये। जो भी दायित्व सौंपे गए हैं उसका पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी से निर्वहन करें।

किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल उसे संज्ञान में लाया जाए जिससे उसका निस्तारण कराकर मतदान प्रक्रिया को पूर्ण कराया जा सके। कंट्रोल रूम में भी सूचना देते रहे। मतदान की सम्बंधित सूचना का प्रेषण भी समय से किया जाए। पीठासीन अधिकारी से भी मतदान के सकुशल सम्पन्न होने की जानकारी लेते रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदान केन्द्र पर समस्या आने पर उसका मौके पर पहुंचकर उसका निस्तारण कराये। निर्देशित किया गया कि सभी मतदान केंद्रों का भृमण करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाए। इसके साथ ही मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर भी उपलब्ध रखी जाए। पोलिंग कर्मियों के खाने पीने की भी व्यवस्था करायी जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी निर्वाचन तब ही सकुशल सम्पन्न हो सकता है जब उसकी प्रक्रिया के बारे में आप पूर्ण रूप से अवगत हो इसलिए सभी निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में पढ़ ले जिससे किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर उसका समाधान आसानी से किया जा सके। मतदान को पूरी निष्ठा के साथ पूर्ण कराया जाए। मतदान के दिवस सभी समय से मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर सभी आवश्यक प्रक्रिया को पूर्ण करने के बाद मतदान को पूर्ण कराये। मतदान समाप्ति के बाद मत पेटिका को सुरक्षित स्ट्रांग रूम में जमा कराया जाए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा कि मतदान को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से पूर्ण कराये जाने के लिए मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। कानून व्यवस्था से सम्बंधित कोई भी समस्या संज्ञान में आने पर तत्काल उसे अवगत कराया जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विवेक कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्रीमती प्रियंका सहित आरओ, एआरओ, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले के चार सामुदायिक स्वास्थ्य केद्रों को कायाकल्प अवार्ड

**बलिया- चार** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) दुबहड़, सियर, रतसर तथा रेवती को कायाकल्प योजना के तहत वर्ष 2022 -23 के लिए कायाकल्प अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है।कायाकल्प अवार्ड में जिले के बेहतर प्रदर्शन पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० जयन्त कुमार ने कहा कि जनपद में बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग का संकल्प है। चारों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की तरह जिले के अन्य सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान की जा रही है जल्द ही उन्हें भी कायाकल्प अवार्ड हासिल हो सकेगा।

जिला परामर्शदाता क्वालिटी एश्योरेंस डॉ० रंजय कुमार ने बताया कि इस वर्ष 2022-23 में सीएचसी दुबहड़ को 72.14 फीसदी, सीएचसी रेवती को 71.57 फीसदी, सीएचसी सियर को 71 फीसदी और सीएचसी रतसर को 70.86 फीसदी अंक मिले हैं। सभी चारों सीएचसी को पुरस्कार के रूप एक-एक लाख रुपये की धनराशि मिली है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ०आर बी यादव ने बताया कि कायाकल्प योजना के तहत सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वच्छता एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार ने यह महत्वाकांक्षी योजना मई 2015 को आरम्भ की थी। इसमें एक निर्धारित चेक लिस्ट के आधार पर स्वास्थ्य केन्द्रों का तीन चरणों में मूल्यांकन किया जाता है।

# मंडौर गांव में विकास कार्यों के नाम पर हुआ सरकारी धन का बंदरबाट

## मौके पर नहीं हुए कार्य, बिना कार्य हो गये भुगतान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ ब्लाक के मंडौर गांव में प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि, सचिव व तकनीकी सहायक की मिलीभगत से विकास कार्यों के नाम पर फजीर्वाड़ा किया जा रहा है। बिना कार्य कराए ही भुगतान कराये जा रहे हैं।

रविवार को मऊ ब्लाक के मंडौर गांव में विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ। बताया गया कि कन्या पूर्व माध्यामिक विद्यालय मंडौर की बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य में धांधली की गई है। बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ और न ही विद्यालय में एबीएम गेट लगाया गया है, लेकिन भुगतान कर निकाल लिया गया। गांव के कैलाश के घर से सचिवालय तक नाली निर्माण कार्य अधूरा बनाया गया है, जबकि इसमें नाली पहले से बनी थी। उसी नाली पर नव निर्माण कार्य किया गया है। लगभग बीस मीटर नाली बनना बांकी है, लेकिन भुगतान प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

ग्राम पंचायत में हनुमान मंदिर से लल्ली भाई के घर तक सीसी रोड व नाली मरम्मत कार्य बिना कराए ही फर्जी भुगतान निकाला गया है। जबकि मौके में अभी तक कार्य नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग खड़ंजा निर्माण कार्य व मोरमीकरण के नाम पर सरकारी धन का जमकर बंदरबाट हुआ है। हैंडपंप मरम्मतीकरण व टैंकर सप्लाई के नाम पर खूब फजीर्वाड़ा करते हुए सरकारी धन का गबन किया है। मजे की बात ये है एक ओर सरकार गांवों में विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपए की धनराशि दे रही है, वहीं दूसरी ओर प्रधान व सचिव की मिलीभगत से सरकारी धन का बंदरबाट हो रहा है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है मंडौर गांव में हुए विकास कार्यों में सरकारी धन के बंदरबाट की जांच कराकर कार्यवाही की जाये।

# महिलाओं के सम्मान मे, निशी सोनी मैदान में

## भाजपा की बागी ने उडाई नींदे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूट धाम कर्वी नगर पालिका क्षेत्र के तरौंहा की निवासी निशी सोनी ने भाजपा से बागी होकर नगर पालिका के अध्यक्ष पद का चुनाव खासी सरगर्मी से लड रही है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी की नींदे उडा दी है। अध्यक्ष पद की एक मात्र महिला प्रत्याशी निशी सोनी के मैदान में उतरने से भाजपा प्रत्याशी खासे हलाकान हैं।



भाजपा से बागी निशी सोनी के भाई जवाहरलाल सोनी को भाजपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी से निष्कासित कर दिया है। निशी सोनी महिला उद्योग व्यापार मंडल की जिलाध्यक्ष भी है। उन्होंने भाजपा से बागी होकर चुनाव चिन्ह गदा को लेकर चुनावी समर में उतरी हैं। उन्होंने कहा कि वह एक मात्र नगर पालिका अध्यक्ष पद की महिला प्रत्याशी हैं। सबकी बहन-बेटी हैं। जब एक बिटिया घर संभाल सकती है तो नगर पालिका क्यों नहीं संभाल सकती।

उन्होंने अपना संकल्प पत्र भी जारी किया है। संकल्प पत्र में कहा है कि पालिका क्षेत्र में लोगों के बढे दस गुना टैक्स को खत्मकर पुरानी दरें लागू करेंगी। जिन व्यापारी भाइयों की दुकानें गिराई गई हैं, उन्हें प्राथमिकता से कर्वी नगर में दुकानें उपलब्ध करायेंगी। उन्होंने कहा कि पद में आते ही एक सप्ताह के अन्दर हाउस टैक्स, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का दो दिन में समाधान किया जायेगा। गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वालों की बेटियों के विवाद को निःशुल्क टाउस हाल दिया जायेगा।

# नौ लोगों को भाजपा ने दिखाया पार्टी से बाहर का रास्ता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चैधरी के निर्देश पर नगर निकाय चुनाव में पार्टी ने अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ खुद या परिजनों चुनाव लडा रहे नौ लोगों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया है।



रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चैधरी के निर्देश पर श्रीमती ऊषा भारती महिला मोर्चा मंडल मंत्री ऐंचवारा, श्रीमती गायत्री कोल जिला मंत्री महिला मोर्चा मानिकपुर, श्रीमती आदर्श द्विवेदी पूर्व चेयरमैन राजापुर, सुनील मिश्रा राजापुर, प्रमोद द्विवेदी, संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, संदीप त्रिपाठी मंडल उपाध्यक्ष मऊ, जितेन्द्र त्रिपाठी मंडल कोषाध्यक्ष मऊ, निशी सोनी व जवाहर सोनी नगर महामंत्री तथा श्रीमती माया प्रजापति जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा को निकाय चुनाव में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से निकाय चुनाव लडने वाले लोगों की मदद करने पर इन सब लोगों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि ये सब लोग खुद या पार्टी प्रत्याशी के विरोध में चुनाव लड रहे हैं या परिजनों को लडा रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने पर इन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया गया है।

# प्रत्याशी प्रह्लाद कुमार कुशवाहा को जिताने के लिए पहले मतदान, फिर जलपान करने का आह्वान

**नगीना। भाजपा** पूर्व सांसद ठाकुर सर्वेश कुमार ने नगर पालिका अध्यक्ष पद पार्टी प्रत्याशी प्रह्लाद कुमार कुशवाहा को जिताने के लिए पहले मतदान फिर जलपान करने का आह्वान किया है।



रविवार की रात को मोहल्ला लाल सराय स्थित सैनी धर्मशाला के प्रांगण मैं नगर पालिका अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी प्रहलाद कुमार कुशवाहा के समर्थन में आयोजित भाजपाइयों की बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बुत कमेटियों समेत सभी भाजपा कार्यकर्ता आने वाली 4 मई को पहले मतदान की लाइन में लग कर वोट डालें। उन्होंने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता मतदाताओं को करो सर निकाल कर पोलिंग बूथों तक पहुंचाने में कोई कोर कसर ना छोड़े और जो वोटर नगीना से बाहर हो उन्हें 4 मई से पहले वोट डालने के लिए बुलाए यही भाजपा प्रत्याशी की जीत का मूल मंत्र है। उन्होंने भाजपा कार्यकताओं नेताओं से कहा कि आपसी मनमुटाव और द्वेष भावना को त्याग कर चुनाव लड़ाएं क्योंकि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की पहली सीढ़ी है जो जीत की मंजिल पाकर आएगी।

भाजपा मंत्री अनूप बाल्मीकि की अध्यक्षता एवं मुकेश सैनी एडवोकेट के संचालन में आयोजित बैठक मे अरविंद गहलोत, वीर सिंह सैनी, प्रदीप कुमार बबली, विकास राजपूत, नीरज विश्नोई, डॉक्टर संदीप शर्मा, सरदार मलकीत सिंह, आरसी शर्मा, ठाकुर टीकम सिंह, विनोद अग्रवाल, महावीर सिंह सैनी।, कृष्ण बलदेव सिंह, नीरज वश्नोई, धर्मेंद्र राठी, सचिन शर्मा, पराग अग्रवाल, मेहर सिंह बाल्मीकि, रमेश सिंह, सुंदर सिंह फौजी, समेत सैकड़ों भाजपाई वे गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एसपी के निर्देश पर 12 के खिलाफ हुई गुण्डाएक्ट की कार्यवाही, मची खलबली

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही के क्रम में मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले 12 लोगों के खिलाफ मिनी गुण्डाएक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

रविवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने जनता में भय एवं आतंक फैलाकर अवैध धन अर्जित करने वाले रोशन पटेल पुत्र द्वारिका निवासी रामपुर कल्यानगढ़, रिंकू सिंह उर्फ अभयराज, पिंटू सिंह उर्फ पुष्पराज पुत्र प्रेम सिंह निवासी ऊंचाडीह, अनिल, राजा, बेटू, प्रकाश पुत्र बोधी, संतोष पुत्र मुनकू, लल्लन उर्फ आकाश पुत्र बोरे, गुप्ता पुत्र सरोज निवासी बाल्मीकि नगर, देव कुमार पुत्र भोंडा निवासी ऐलहा, इमाम हुसैन उर्फ भुट्ट पुत्र अली हुसैन उर्फ भुट्टा निवासी महावीरनगर के खिलाफ धारा 110जी सीआरपीसी के तहत कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है।

## यातायात प्रभारी ने ग्रामीणों को नियमों के प्रति किया जागरुक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सीओ यातायात श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की अगुवाई में यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने रैपुरा थाने के अगरहुण्डा गांव के ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी देकर नियमों का पालन करने के प्रति जागरुक किया।

रविवार को यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने बैनर के माध्यम से यातायात संकेतों के बारे में जानकारी दी। सभी से अपील किया कि यातायात नियमों का पालन कर खुद की जान बचायें। ये नियम सबकी सुरक्षा के लिये बनाये गये हैं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट अवश्य लगायें।

उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल फोन व ईयर फोन का प्रयोग न करें। ऐसा करना खतरनाक हो सकता है। वाहन चलाते समय हेलमेट और सीटबेल्ट का प्रयोग हर हाल में करें। ऐसा न करने पर भारी जुमार्ना लग सकता है।

## पर्यटन स्थलों पर बनी रहे स्वच्छता




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता अभियान समिति ने कामदगिरि पर्वत में सफाई अभियान चलाया। कहा कि पर्यटन स्थल को लेकर मोदी बहुत गंभीर है। पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता बनी रहे। ऐसे स्थानों पर लाखों लोगों का आना-जाना रहता है।

रविवार को 67वें कामदगिरि स्वच्छता अभियान के तहत कामदगिरि पर्वत क्षेत्र में साफ-सफाई की गई। जन जागरूकता के ऐसे अभियान चलाने पर जोर दिया। कामतानाथ का पर्वत बहुत ही प्रसिद्ध स्थल है। करोड़ों लोगों की श्रद्धा का केंद्र है। हर महीने यहां कई लाख लोग परिक्रमा करने आते हैं। समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि सभी से अपील है कि परिक्रमा करते समय कचरा इधर-उधर न फेकें। पर्वत की स्वच्छता बनाए रखें। साफ-सफाई से तन और मन दोनों स्वस्थ और सुरक्षित रहते हैं। अभियान में खासतौर पर जितेंद्र केसरवानी, कृष्णा शुक्ला, अनूप कुमार, मोनू, राजेश कुमार, सुमित केसरवानी, रहमत अली, विनोद कुमार, राजेश कुमार, नगर पालिका की टीम के सहयोग से स्वच्छता अभियान को चलाया।

## जिले में 61 मिले कोरोना पॉजिटिव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में कोरोना संक्रमण थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिला अस्पताल में मरीजों की खासी भीड़ देखी गई। किसी ने कोविड नियम का पालन नहीं किया। जिले में कोरोना पाजिटिव की संख्या 61 हो गई है।

रविवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में 620 मरीज इलाज कराने पहुंचे। अस्पताल में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन तो दूर, मास्क भी नहीं लगाए थे। स्वास्थ्य विभाग संक्रमण की रोकथाम को जरूरी कदम उठाने का दावा कर रहा है। जांच दौरान छह कोरोना संक्रमित मिले हैं। अपर सीएमओ डॉ आरके चैरिहा ने बताया कि 1055 नमूनों की जांच कराई गई है। 559 आरटीपीसीआर व 496 एंटीजन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 61 संक्रमित मिल चुके हैं।

## दो के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब बरामद 28 क्वार्टर देशी शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान के क्रम में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब 28 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है।

रविवार को पहाडी थाने के दरोगा रविकान्त राय की टीम ने पारस पुत्र सूरजभान विश्वकर्मा निवासी कुचारम के कब्जे से 25 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाना पहाड़ी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा रविकान्त राय, दीवान रामचन्द्र बुन्देला, सिपाही नरेन्द्र सिंह शामिल रहे।इसी क्रम में मऊ थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम की टीम ने बुधराज पुत्र फूलचंद निवासी लौरी हनुमानगंज थाना रैपुरा के कब्जे से 28 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाना मऊ में आबकारी अधिनियन के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में इंद्रजीत गौतम, सिपाही विवेक कुमार शामिल रहे।

## रोडवेज बस की चपेट में आकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**नगीना। रोडवेज ब**स की चपेट में आकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत में बिजनौर रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बस चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना से घायल के परिजनों में कोहराम मचा है।

उत्तराखंड की रोडवेज अनुबंधित बस सोमवार की शाम 4 बजे सवारी लेकर धामपुर की ओर जा रहे थे जब बस नेशनल हाईवे निकट काला खेड़ी रेलवे फाटक के पास पहुंची तभी सामने से आ रहा बाइक सवार रविकांत 35 वर्ष पुत्र रतीराम सैनी निवासी ग्राम हीरा वाली बस की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया तथा बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# विदेश संदेश

## फ्रांस-ग्रीस के अभ्यास में भाग ले रही भारतीय वायुसेना, पहली बार देश से बाहर एक्सरसाइज में राफेल विमान

**मास्को।** भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ग्रीस में चार सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के साथ अभ्यास में भाग ले रही है। इस युद्ध अभ्यास को 'इनिओचोस-2023' नाम दिया गया है। वहीं,



फ्रांस में चल रहे एक्स-ओरियन में आईएएफ के राफेल लड़ाकू विमान पहली बार भारत के बाहर एक अंतरराष्ट्रीय अभ्यास में भाग ले रहे हैं।एक्स ओरियन युद्धाभ्यास 17 अप्रैल को शुरु हुआ था और यह 5 मई 2023 तक चलेगा। इस अभ्यास में जर्मनी, ग्रीस, इटली, नीदरलैंड, ब्रिटेन, स्पेन और अमेरिका की वायुसेना भाग ले रही हैं। भारत को छोड़ ये सभी उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सदस्य हैं।

## अमेरिका ने कहा- इस समय QUAD में नए सदस्य जोड़ने की कोई योजना नहीं, मजबूती पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा

**वाशिंगटन ।** अमेरिका ने (स्थानीय समय) को कहा कि इस समय क्वाड्रिलेटरल सिक्योरिटी डायलॉग में नए सदस्यों को जोड़ने की कोई योजना नहीं है। क्वाड के विस्तार पर एक मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव काराइन जीन-पियरे ने कहा, ÷क्वाड की स्थापना दो साल पहले हुई थी। क्वाड अभी भी एक अपेक्षाकृत युवा साझेदारी है। नए सदस्यों को शामिल करने के लिए इस समय कोई योजना नहीं है। क्वाड सदस्यों ने सहमति व्यक्त की है कि फिलहाल क्वाड की कई ताकतों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा, हालांकि क्वाड इंडो-पैसिफिक साझेदारों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ समुद्री डोमेन जागरूकता पर अपने इंडो-पैसिफिक साझेदारों के माध्यम से काम करने के अवसरों का स्वागत करता है, जो क्षेत्र के चारों ओर अत्याधुनिक समुद्री डोमेन जागरूकता तकनीक प्रदान कर रहा है। चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) चार लोकतंत्रों का एक समूह है। जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान शामिल है। जिसका उद्देश्य 'मुक्त, खुला और समृद्ध÷ हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करना और उसका समर्थन करना है। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने घोषणा की थी कि वह 24 मई को सिडनी में क्वाड लीडर्स समिट की मेजबानी करेंगे। उन्होंने कहा था कि यह अमेरिका, जापान और भारत के सहयोग से काम करने का मौका होगा। क्वाड लीडर्स समिट के बारे में बात करते हुए पियरे ने कहा, 24 मई को होने वाला सिडनी शिखर सम्मेलन क्वाड के लिए जलवायु, वैश्विक स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और अन्य क्षेत्रों में साझेदारों के लिए अन्य अवसरों का प्रदर्शन करेगा। क्वाड की सर्वोच्च प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि यह वर्तमान में इंडो-पैसिफिक को मुक्त रखने के लिए अच्छी स्थिति में है और इसलिए इस समय इसके विस्तार पर कोई बातचीत नहीं हो रही है।

## नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री और पूर्व गृहमंत्री के दो करीबी मानव तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री सुजाता कोइराला के निजी सचिव केशव दुलाल और पूर्व गृहमंत्री राम बहादुर थापा बादल के सुरक्षा सलाहकार इंद्रजीत राई को काठमांडू पुलिस ने आज (मंगलवार) सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोनों पर लोगों को फर्जी भूटानी शरणार्थी बनाकर अमेरिका भिजवाने का आरोप है। राई की गिरफ्तारी ललितपुर से की गई है। काठमांडू पुलिस प्रमुख दान बहादुर कार्की ने इसकी पुष्टि की है। नेपाल पुलिस ने दावा किया है कि इंद्रजीत राई अंतरराष्ट्रीय मानव तस्कर गिराह की 'बड़ी' कड़ी है। साथ ही कई पूर्व उप प्रधानमंत्रियों एवं पूर्व मंत्रियों के करीबी भी इस गिरोह का हिस्सा हैं। यह सभी जांच के घेरे में हैं। सीपीएन (यूएमएल) के नेता सांसद टोप बहादुर रायमाझी की भूमिका भी शक के दायरे में है। इस गिरोह से उनके संबंधों पर जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह ने फर्जी भूटानी शरणार्थी बनाकर कई लोगों को अमेरिका भेजा है। गिरोह ने इसके एवज में इन लोगों से तीन करोड़ 24 लाख रुपये वसूले हैं।

# खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मारे गए तीन आतंकवादियों में टीटीपी कमांडर भी शामिल, कई हमले में था आरोपी

**पेशावर।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने देश के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में अलग-अलग खुफिया-आधारित अभियानों में एक कुख्यात तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) कमांडर और दो अन्य को मार गिराया है और कई महत्वपूर्ण गिरफ्तारियां की हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में मंगलवार को यह जानकारी सामने आई।

डॉन अखबार ने बताया कि आतंकवादियों की कथित मौजूदगी की सूचना पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे देश के उत्तर-पश्चिम प्रांत के टांक और डेरा इस्माइल खान जिलों में दो अलग-अलग अभियान चलाए। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रतिबंधित टीटीपी गंडापुर समूह का अब्दुल जबर शाह सुरक्षा बलों द्वारा मार गिराए गए तीन आतंकवादियों में शामिल है।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने टीटीपी के



कुख्यात कमांडर अब्दुल जबर शाह के मारे जाने का दावा किया था। जबर शाह कई कानून प्रवर्तन एजेंसी और पोलियो दलों पर कई हमले करने में शामिल था।

सुरक्षा बलों ने बताया कि दक्षिण वजीरिस्तान कबायली जिले की सीमा से सटे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए एक अभियान के दौरान प्रतिबंधित टीटीपी समूह का कमांडर अब्दुल जबर शाह मारा गया।

उन्होंने बताया कि कार्रवाई में दो अन्य आतंकवादी घायल भी हुए हैं। जबर शाह कई कानून प्रवर्तन एजेंसी, धार्मिक समूहों एवं पोलियो दलों पर हमले और टीटीपी के लिए जबरन वसूली करने की घटनाओं में शामिल था।

सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए एक अलग अभियान में हाफिज गुल बहादुर समूह के एक प्रमुख कमांडर मेहताब उर्फ लाला सहित सात आतंकवादियों को उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आतंकवादी कई आतंकवादी गतिविधियों, विशेष रूप से सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ लक्षित हत्याओं के लिए वांछित हैं। पिछले हफ्ते प्रांत में आतंकवादियों के साथ अलग-अलग मुठभेड़ों में कम से कम सात आतंकवादी मारे गए थे, जबकि तीन पाकिस्तानी सैनिकों ने जान गंवाई थीं। प्रतिबंधित टीटीपी ने हाल के महीनों में हमलों में तेजी की है और तालिबान द्वारा अफगानिस्तान के अधिग्रहण के बाद स्पष्ट रूप से मजबूत हो गया है।

बता दें, 2007 में कई आतंकवदी संगठनों के एक समूह ने पाकिस्तान सरकार के साथ संघर्ष विराम खत्म करने का आह्वान किया था और अपने आतंकवादियों को देश भर में आतंकवादी हमले करने का आदेश दिया था।

## दुष्कर्म आरोपी के साथ देखी गई दो लड़कियों की खोज में जुटी थी पुलिस, आरोपी के घर पर मारा छापा तो उड़ गए होश

**काठमांडू।** अमेरिका से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। बताया जा रहा है पुलिस ओकलाहोमा के एक ग्रामीण इलाके में दो लापता नाबालिगों की खोज कर रही थी, तभी एक घर की तलाशी के दौरान सात लोगों के शव मिले।

**यौन अपराधी जेसी मैकफैडेन भी मरा**

ओक्लाहोमा के प्रांतीय जांच ब्यूरो के प्रवक्ता गेराल्ड डेविडसन के अनुसार शव ओकलाहोमा से करीब 145 किलोमीटर पूर्व स्थित हेनरीएटा नगर के पास मिले हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मरने वालों में 14 और 16 साल की दो लड़कियां और यौन अपराधी जेसी मैकफैडेन भी शामिल है। इस नगर की आबादी करीब 6 हजार बताई जा रही।

**पिछले सप्ताह नाबालिगों को देखा गया**

क्लाहोमा स्टेट ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के प्रवक्ता गेराल्ड डेविडसन ने संवाददाताओं से कहा कि प्रांतीय चिकित्सा परीक्षक पीड़ितों की पहचान करेंगे। कथित



तौर पर दोनों लड़कियों को आखिरी बार पिछले सप्ताह मैकफैडेन के साथ देखा गया था। इसके बाद वे घर नहीं लौटीं।

**2004 में हो चुकी है जेल की सजा**

स्थानीय मीडिया ने बताया कि 39 साल के मैकफैडेन को साल 2004 में दुष्कर्म के आरोप में 20 साल की सजा सुनाई गई थी। उसे 2020 में सजा पूरी होने से चार साल पहले जेल से रिहा कर दिया गया था। वहीं उसे यौन शोषण के एक अन्य मामले में जूरी ट्रायल के लिए अदालत में पेश होना था, लेकिन वह नहीं आया। डेविडसन ने बताया कि एक साथ सात शवों के मिलने के मामले में जांच चल रही है। मौतों के कारण और अन्य चार पीड़ितों की संभावित पहचान के बारे में विवरण तत्काल उपलब्ध नहीं हैं।

## बिलावल भुट्टो की बहन ने निकाह के बाद कराची के हिंदू मंदिर में जाकर किए दर्शन, सोशल मीडिया पर हलचल

**इस्लाबाद।** लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता और पाकिस्तान के दिवंगत प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की पोती फातिमा भुट्टो ने अपने निकाह के बाद हिंदू मंदिर के दर्शन कर नई मिसाल कायम की। फातिमा के इस कदम से सोशल मीडिया पर हलचल मच गई। कुछ लोगों ने उनकी तारीफ की तो कई लोगों ने पूछा कि वह वहां क्या करने गई थीं। फातिमा (40) पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की बहन हैं। वह पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत बेनजीर भुट्टो की भतीजी और मुर्तजा भुट्टो की बेटी हैं। यहां उनके दादा के पुस्तकालय में सादगी से उनका निकाह हुआ।

फातिमा और उनके पति ग्राहम जिब्रान ने कराची में ऐतिहासिक महादेव मंदिर जाकर सोशल मीडिया पर हलचल पैदा कर दी। वह हिंदू सिंधियों के सम्मान में मंदिर पहुंचे थे, जिनकी जड़ें प्राचीन काल से कराची से जुड़ी हुई हैं। मीडिया में आई खबरों के अनुसार, फातिमा के पति ग्राहम ईसाई हैं और अमेरिकी नागरिक हैं। फातिमा के साथ उनके भाई जुल्फिकार अली भुट्टो जूनियर और हिंदू नेता भी मौजूद थे। उन्होंने और उनके पति ने देवता पर दूध चढ़ाया। फातिमा और उनके पति के इस कदम को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों लोगों ने मिली-जुली प्रतिक्रिया दी। ट्विटर अकाउंट 'सिंधी अर्जक' ने तस्वीर पर टिप्पणी की, 'तस्वीरें देखकर बहुत अच्छा लगा।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'बहुत बढ़िया।' हालांकि कई यूजर ने पूछा कि वह वहां क्या करने गई थीं। कुलसुम मुगल नामक यूजर ने ट्वीट किया, 'इस रस्म का मतलब क्या है।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'अच्छा, सिंधी धर्मनिरपेक्षता का मतलब हिंदूवाद का अनुसरण करना होता है।' उनके भाई ने एक ट्वीट में कहा कि हमारे देशवासियों और महिलाओं द्वारा महसूस की गई कठिन परिस्थितियों के कारण, हम सभी को लगा कि भव्य रूप से जश्न मनाना अनुचित होगा। उन्होंने कहा, कृपया फातिमा और ग्राहम जिब्रान को अपनी प्रार्थनाओं में शामिल करें। भुट्टो परिवार पाकिस्तान की राजनीति में एक जबरदस्त ताकत बना हुआ है, लेकिन उनका इतिहास त्रासदियों से भरा रहा है। बता दें, जुल्फिकार अली भुट्टो को सैन्य तख्तापलट के बाद अप्रैल 1979 में तत्कालीन सैन्य तानाशाह जिया उल हक ने फांसी पर चढ़वा दिया था। जुल्फिकार की सबसे बड़ी बेटी बेनजीर भुट्टो की दिसंबर 2007 में रावलपिंडी में हत्या कर दी गई थी। सितंबर 1996 में क्लिफ्टन में बेनजीर के भाई मुर्तजा भुट्टो की भी हत्या कर दी गई थी। मुर्तजा के छोटे भाई शाहनवाज भुट्टो 1985 में फ्रांस में अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे।

# मां काली की आपत्तिजनक तस्वीर पोस्ट करने पर यूक्रेन ने मांगी माफी, उप विदेश मंत्री ने कही ये बात

**काठमांडू।** रूस से जारी युद्ध के बीच मां काली को लेकर किए गए एक पोस्ट ने यूक्रेन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दरअसल, हाल ही में यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने एक ट्वीट किया था, जिसमें उसने देवी मां काली की आपत्तिजनक तस्वीर साझा की थी। इसे लेकर भारत समेत पूरी दुनिया के हिंदू समुदाय ने नाराजगी जाहिर की थी। अब इस पूरे वाकये को लेकर यूक्रेन की तरफ से खेद जताया गया है। खुद यूक्रेन की उप विदेश मंत्री ने माफी मांगते हुए इस घटना पर ट्वीट किया है।

**क्या बोलीं यूक्रेन की मंत्री?**

यूक्रेन की प्रथम उप-विदेश मंत्री एमिने झेपर ने ट्वीट में लिखा, -हम यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय की ट्वीट, जिसमें देवी काली को गलत तरह से दिखाया गया था, उसके लिए खेद जताते हैं। यूक्रेन और यहां के लोग भारत की अद्वितीय संस्कृति का सम्मान करते हैं और उसके समर्थन की प्रशंसा करते हैं। इस फोटो को पहले ही हटा लिया गया है। यूक्रेन आपसी



सम्मान की भावना के साथ भारत के साथ दोस्ती और सहयोग बढ़ाने के लिए संकल्पित है।

**यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने पोस्ट की थी फोटो**

यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय द्वारा पोस्ट किए गए एक ट्वीट में धुएं के गुबार के ऊपर कथित तौर पर देवी काली की एक तस्वीर दिखाई गई। तस्वीर में जीभ बाहर दिख रही है। साथ ही माता काली के गले में खोपड़ियों की माला है। ट्विटर हैंडल @DefenceU ने 'वर्क ऑफ आर्ट' कैप्शन के साथ छवि को पोस्ट किया था। इसके बाद भारतीयों का यूक्रेन की इस नापाक हरकत पर गुस्सा फूटा है। हालांकि, भारतीय सोशल मीडिया यूजर्स के रोष जताए जाने के बाद यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय ने ट्वीट हटा दिया। फोटो 30 अप्रैल को पोस्ट किया गया था। वहीं डिलीट करने के बाद भी यूक्रेन द्वारा शेयर की गई तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

**भारत में सोशल मीडिया पर की गई थी निंदा**

कई भारतीय ट्विटर उपयोगकर्ताओं ने गुस्से में प्रतिक्रियाएं दी थी और फोटो को हटाने की बात कही थी। लोगों ने यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय पर असंवेदनशीलता और भारतीयों की भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया। कुछ भारतीय ट्विटर यूजर्स ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से दखल देने की मांग भी की।

# इमरान की शहबाज सरकार को दो टूक, कहा- सुप्रीम कोर्ट का फैसला ना माना गया तो सड़कों पर उतरेगी जनता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने लाहौर में एक रैली को संबोधित करते हुए सरकार और सैन्य प्रतिष्ठान को चेतावनी दी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि 14 मई को पंजाब प्रांत में चुनाव कराने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन हुआ तो उनकी पार्टी इसके विरोध में सड़कों पर उतरेगी।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

यानी आज दो मई को होगी। इमरान ने सरकार को चेतावनी देते



हुए कहा- ÷मैं चोरों (शरीफ और जरदारी) और उनके संचालकों को चेतावनी देता हूं कि अगर वो संविधान का विरोध करते हैं और सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करेंगे पूरा राष्ट्र मेरे साथ शीर्ष अदालत का समर्थन करने सड़कों पर उतर आएगा।÷

**सरकार पर लगाया आरोप**

इमरान खान ने सरकार पर चुनाव से भागने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि सरकार को चुनाव में पीटीआई से हारने का डर है। क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान ने बताया कि शीर्ष अदालत ने 14 मई को पंजाब में चुनाव कराने का आदेश दिया है। संयुक्त चुनाव के लिए पीटीआई की ओर से शर्त रखते हुए इमरान ने कहा कि विधानसभाओं को 14 मई तक भंग करना होगा। इसके लिए पार्टी केवल मुख्य न्यायाधीश के कहने पर सरकार से बातचीत कर रही है। अगर सरकार बजट पास होने के बाद यानी की सितंबर में चुनाव कराने की बात कहती है तो पार्टी उनकी इस योजना पर नहीं फंसने वाले हैं। फिर वे इस मामले में कानूनी सहारा भी लेंगे।

**रैली में भारी संख्या में मौजूद जनता का किया धन्यवाद**

ट्वीट की श्रृंखला में इमरान ने कहा- ÷मैं अपने कार्यकर्ता और लाहौर के लोगों का इस रैली में आने के लिए धन्यवाद करता हूं। वे इस रैली से जुड़कर हमारा समर्थन कर रहे हैं। वो जो हमारे कानून और नियमों का उल्लंघन और सुप्रीम कोर्ट के फैसले की अवमानना कर रहे हैं, यह जान लें कि इस कोर्ट के फैसले का बचाव करने के लिए पाकिस्तान की जनता सड़कों पर उतरेगी।÷

सुप्रीम कोर्ट की सलाह पर सरकार और पीटीआई के बीच पिछले हफ्ते से इस मुद्दे पर बातचीत हो रही है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई जहां प्रांतीय विधानसभाओं में चुनाव कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है, वहीं सरकार पूरे प्रांत में एक साथ चुनाव कराना चाहती है।

बता दें कि नेशनल असेंबली का पांच साल का कार्यकाल इस साल अगस्त में पूरा होगा। संविधान के अनुसार, निचले सदन के विघटन के 90 दिन के भीतर चुनाव होता है। इस हिसाब से चुनाव अक्तूबर के मध्य तक होना चाहिए। बता दें कि पिछ्ला आम चुनाव जुलाई 2018 में हुआ था।

# कनाडा में मिशन मिलेट एवं स्वराज एक गाथा का आयोजन, भारतीय राज्यों के पारंपरिक व्यंजन शामिल

**टोरोंटो।** कनाडा के शहर टोरोंटो में 'रेडियो ढिशुम' और 'कॉउंसलेट जनरल ऑफ इंडिया, टोरोंटो' के सहयोग से पहली बार 'मिलेट मेला' और 'स्वराज - स्वतंत्रता की गाथा' का आयोजन बड़े पैमाने पर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में भारत के 28 राज्यों और दो केंद्रीय शासित प्रदेशों की 40 प्रकार के मिलेट से बने पारंपरिक व्यंजन शामिल थे।

सभी होम कुकस अपनी परंपरागत पोशाक में सुसज्जित थे और सभी के खाने की प्रस्तुति में क्षेत्रीय प्रभाव दिखाई दिया। लगभग 500 से ज्यादा आमंत्रित अतिथियों ने खाने-पीने की चीजों का आनंद लिया। सभी लोग मिलेट से बने व्यंजन और विभिन्न राज्यों की इतनी सारी डिशेज देख और खा कर बहुत ही हैरान थे।



इसके बाद सभी होम कुकस ने एक अनूठा और निराला फैशन शो किया। लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट और उनके शोर से जाहिर था कि वे सभी बहुत उत्साहित थे।

इस कार्यक्रम में दो वर्ष से लेकर 65 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने अनोखी भारत के 'स्वतंत्रता संग्राम एक गाथा' की प्रस्तुति की, जिसका निर्माण और निर्देशन लखनऊ की सौम्या मिश्रा ने किया। लोग मंत्रमुग्ध हो पूर्ण निस्तब्धता से इस नाट्य मंचन को देख भाव-विभोर हो उठे। पूरा हॉल भारत माता और वंदे मातरम के जयकारे से गूंजने लगा। इस नाटकीय-कथा के संपादन में लगभग तीन साल का समय लगा। इसमे 80 स्वतंत्रता सेनानियों का उल्लेख था और अधिकतर वह अगेय संग्राम के हीरो शामिल थे, जिनके बारे में लोगों ने कभी भी नहीं सुना था।

इसके बाद 'मिलेट रेसपी बुक' का डिजिटल अनावरण भारत की प्रधान कौंसलाधीश, अपूर्वा श्रीवास्तव और कार्यक्रम की आयोजक सौम्या मिश्रा ने किया। इस किताब में होम कुकस की 34 व्यंजन विधियां शामिल हैं। जिन्हें चार श्रेणियों में बांटा गया है। इस विचार से कि लोग इसे पढ़ कर मिलेट का प्रयोग अपनी जीवन शैली में ज्यादा से ज्यादा करें।

यह कार्यक्रम बेहद ही सफल रहा और सभी प्रतियोगियों ने स्वेच्छा से इसमें हिस्सा लिया। कुल मिलाकर पूरे दिन के इस कार्यक्रम में एक साथ चार आयोजन किए गए। यह कनाडा में बसे उन सभी प्रवासी भारतीय का साझा प्रयास और श्रम रहा, जो किसी न किसी रूप में अपनी संस्कृति और सभ्यता से जुड़े हैं और आगे आने वाली पीढ़ी को यह धरोहर प्रदान करना चाहते हैं।

# पांच महीने में रूस के 20 हजार सैनिकों ने यूक्रेन में गंवाई जान, 80 हजार घायल

**वाशिंगटन।** यूक्रेन पर हमला करना रूस के सैनिकों के लिए भयावह साबित हो रहा है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने दावा किया कि पिछले पांच माह में यूक्रेन में 20 हजार से अधिक रूसी सैनिक मारे गए हैं और 80 हजार से अधिक घायल हुए हैं। जॉन किर्बी ने कहा कि पूर्वी यूक्रेन के बखमुत में पिछले पांच महीने से भीषण लड़ाई चल रही है। बखमुत के माध्यम से डोनबास में आक्रामक होने का रूस का प्रयास विफल हो गया है। रूस वास्तव में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण किसी भी क्षेत्र पर कब्जे में असफल रहा है। उन्होंने दावा किया कि रूस के हमले का यूक्रेन ने जोरदार जवाब दिया है और कार्रवाई में अब तक 20 हजार रूसी सैनिक मारे गए हैं। अमेरिकी खुफिया जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि मारे गए लोगों में से आधे सैनिक निजी सैन्य कंपनी वैगनर द्वारा भर्ती किए गए थे। उन्होंने वैगनर के नेता येवगेनी प्रिगोझिन के हालिया दावे को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि उनके समूह के केवल 94 सदस्य हताहत हुए हैं। किर्बी ने प्रिगोझिन की टिप्पणियों को 'सिर्फ एक हास्यास्पद दावा' कहा। किर्बी ने कहा कि सबसे तेज लड़ाई बखमुत के लिए है, जहां यूक्रेनी सैनिकों को शहर के एक छोटे से हिस्से को छोड़कर सभी जगह से खदेड़ दिया गया है।